




सांध्य दैनिक

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534

डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2023-25

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच








वर्ष- 15 अंक - 127 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, सोमवार 19 फरवरी 2024 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-


## खास-खबर

### अब रायपुर में लोग महसूस कर सकेंगे जीरो ग्रेविटी, बनेगी देश की छटवी साइंस सिटी

**रायपुर।** विज्ञान के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ को आगे बढ़ते हुए केंद्र सरकार राज्य सरकार की मदद से देश की छठवीं साइंस सिटी रायपुर में बनाने जा रही है। जिसे बनाने के लिए करीब 232 करोड रुपए की लागत राशि तय की गई है जिसे केंद्र 60 फीसदी और राज्य 40 फीसदी के सहयोग से निर्माण कार्य कराएगा। वैसे यह देश की चौथी साइंस सिटी होगी, जिसे खुद केंद्र सरकार विकसित करेगी। कोलकाता, गुवाहाटी, देहरादून के बाद छत्तीसगढ़ में साइंस सिटी केंद्र सरकार बनाने जा रही है। इसके अलावा अहमदाबाद और पंजाब में राज्य सरकार के मॉडल के तहत साइंस सिटी का निर्माण कराया गया है।

साइंस सिटी को बनाने के लिए छत्तीसगढ़ में जमीन की तलाश की जा रही है। इस साइंस सिटी के निर्माण में करीब 35 एकड़ जमीन की जरूरत पड़ेगी। सरकार ने बजट में 34.90 करोड रुपए का प्रावधान भी इसे लेकर रखा है। लगातार विभागों के द्वारा इस विषय को लेकर मंथन शुरू हो गया है। माना जा रहा है कि नया रायपुर में इसे बनाया जा सकता है। जानकारी के अनुसार लोकसभा चुनाव के बाद इसकी टेंडर प्रक्रिया की भी शुरुआत हो जाएगी। रायपुर में इस तरह की विज्ञान नगरी बनने से राज्य में नई तकनीकी का विकास तेजी से होगा। विज्ञान नगरी के बनने से आने वाले दिनों में छत्तीसगढ़ में नई टेक्नोलॉजी तेजी से उभर कर आएगी। इसके साथ ही यहां जो भी उपकरण लगाए जाएंगे वह आधुनिक तकनीकी के होंगे। जहां बेहद ही करीब से लोग चंद्रग्रहण, चंद्रमा और तारों को देख सकेंगे। इसके साथ ही एक ऐसा हॉल तैयार किया जा रहा है, जहां लोगों को चंद्रमा की जैसी जीरो ग्रेविटी का एहसास कराया जाएगा।

### छात्रों से मजदूरी कराने वाली हेड मास्टर निलंबित

**जशपुर।** जिले के शासकीय प्राथमिक पहाड़ी कोरवा बालक आश्रम शाला के प्रधान पाठिका रीमा टोप्पो को निलंबित कर दिया गया है। पाठिका ने स्कूल के बच्चों को भूखे पेट रखकर उनसे विद्यालय के बाहर जमा ईंट, रेत और मिट्टी उठवाया था। इसकी शिकायत मिलने के बाद प्रधान पाठिका को कारण बताओ नोटिस भी जारी किया गया था। नोटिस का जवाब नहीं देने पर प्रधान पाठिका को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड लार दिया गया है।

# किसान आंदोलन : महापंचायत ने किया बड़ी लड़ाई का एलान, अध्यादेश पर अड़े

## किसान नेताओं की चेतावनी दिल्ली में दूध-सब्जी तक कर देंगे बंद

नईदिल्ली (एजेंसी)। फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी और कर्ज माफी समेत 12 मांगों को लेकर दिल्ली कूच के लिए निकले किसान अध्यादेश पर अड़ गए हैं। रविवार को चंडीगढ़ में सरकार के साथ देर शाम करीब सवा आठ बजे शुरू हुई चौथे दौर की वार्ता में किसान संगठनों ने स्पष्ट कर दिया है कि एमएसपी की कानूनी गारंटी के लिए केंद्र अध्यादेश लेकर लाए। वह इससे कम किसी बात पर नहीं मानेंगे।




करीब दो घंटे देरी से शुरू हुई बैठक में केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, पीयूष गोयल और नित्यानंद राय के साथ पंजाब के सीएम भगवंत मान और कृषि मंत्री गुरमीत सिंह खुड्डियां भी शामिल हुए। दूसरी ओर, कुरुक्षेत्र के ब्रह्मसरोवर पर हुई हरियाणा के किसान नेताओं, खापों और अन्य संगठनों की बैठक में फैसला लिया गया है कि यदि केंद्रीय मंत्रियों के साथ पंजाब के किसान संगठनों की वार्ता असफल रही तो हरियाणा के किसान संगठन और खाप पंचायतें आंदोलन में शामिल होंगी। आंदोलन में दिल्ली के किसानों का भी साथ लेंगे। भाकियू (चढूनी) ने ब्रह्मसरोवर पर बुलाई महापंचायत में तय किया कि हरियाणा की ओर से गुरनाम सिंह चढूनी आंदोलन का नेतृत्व करेंगे। इसके अलावा दिल्ली की खापों और किसानों के साथ आंदोलन की रणनीति धनखड़ खाप के प्रधान डॉ. ओमप्रकाश धनखड़ की अगुवाई में चार सदस्यीय कमेटी बनाएगी। महापंचायत के बाद गुरनाम चढूनी और सर्वखाप पंचायत के समन्वयक डॉ. ओमप्रकाश धनखड़ ने संयुक्त रूप से बताया कि सभी संगठनों के प्रतिनिधियों का वाट्सअप ग्रुप बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि रविवार देर शाम होने वाली वार्ता विफल होने पर आंदोलन के लिए पूरे प्रदेश में कॉल की जाएगी।

### केन्द्र सरकार चार और फसलों पर एमएसपी देने को तैयार, पांच साल के लिए करना होगा करार

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी के मुद्दे पर रविवार को चंडीगढ़ में किसान नेताओं और तीन केंद्रीय मंत्रियों के बीच हुई चौथे दौर की बैठक में केंद्र सरकार चार और फसलों पर एमएसपी देने को तैयार हो गई। केंद्र सरकार की ओर से धान और गेहूं के अलावा मसूर, उड़द, मक्की और कपास की फसल पर भी एमएसपी देने का प्रस्ताव पेश किया गया, लेकिन इसके लिए किसानों को भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ (नैफेड) और भारतीय कपास निगम (सीसीआई) से पांच साल का करार करना होगा।

केंद्र के इस प्रस्ताव पर बैठक में मौजूद किसान नेताओं ने कहा कि वह सभी संगठनों से बात कर सोमवार को इस पर अंतिम फैसला बताएंगे। करीब पांच घंटे चली बैठक के बाद केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने पत्रकारों को बताया कि चौथे दौर की बातचीत बेहद सकारात्मक रही है।

पंजाब और हरियाणा में घटते भूजल स्तर को बचाने के लिए फसलों का विविधीकरण जरूरी है। इसके मद्देनजर सरकार ने आगे बढ़कर यह प्रस्ताव दिया है और ज्यादातर किसानों ने सैद्धांतिक तौर पर सहमति व्यक्त की है।

इस बीच बैठक में मौजूद पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने बाहर आकर पत्रकारों को बताया कि फसलों का विविधीकरण बेहद जरूरी है, बशर्ते सरकार वैकल्पिक फसलों पर एमएसपी की गारंटी दे। इसके बाद अन्य फसलों को भी इसके अंतर्गत लाया जा सकता है। हम केंद्र के इस प्रस्ताव पर किसान संगठनों के जवाब का इंतजार करेंगे।

# छत्तीसगढ़ सरकार ने विभागीय खरीदी पर लगाई रोक, वित्त विभाग ने जारी किया आदेश

■ 29 फरवरी के बाद किसी भी तरह की खरीदी नहीं कर सकेंगे विभाग

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** वित्त विभाग ने विभागीय खरीदी पर रोक लगा दी है। वित्त विभाग की तरफ से इस संबंध में सभी विभागों को निर्देश जारी कर दिया गया है। इसमें 29 फरवरी के बाद किसी भी तरह की खरीदी नहीं करने का निर्देश दिया गया है। इस निर्देश से कुछ खरीदी को अलग रखा गया है।

वित्त विभाग के उप सचिव ऋषभ पराशर के हस्ताक्षर से जारी इस आदेश में कहा गया है कि सामान्यत: वित्तीय वर्ष के अंतिम महीनों में अनेक विभागों द्वारा जल्दबाजी में केवल बजट उपयोग करने की दृष्टि से आवश्यकता न होने पर भी सामग्री क्रय की जाती है जिससे शासन की राशि अनावश्यक रूप से अवरूद्ध हो जाती है। यह प्रकिया शासन के हित में नहीं है। इसी वजह से 2023-2024 के बजट में प्रावधानित राशि से 29 फरवरी, 2024 के बाद क्रय पर पूर्णत: प्रतिबंध होगा।

अफसरों ने बताया कि वित्त विभाग की तरफ से इस तरह का आदेश हर वर्ष जारी किया जाता है। हालांकि कुछ कामों को इस आदेश के दायरे में बाहर रखा जाता है। इसमें केन्द्रीय क्षेत्रीय योजना, केन्द्र प्रवर्तित योजना (केन्द्रांश प्राप्त होने पर आनुपातिक राज्यांश सहित कुल राशि में से), विदेशी सहायता प्राप्त परियोजना, केन्द्रीय वित्त आयोग की अनुशंसा पर प्राप्त अनुदान, नाबार्ड पोषित योजना, सिडबी, राष्ट्रीय आवास बैंक तथा विशेष केन्द्रीय सहायता पोषित परियोजनाओं के क्रियान्वयन हेतु क्रय की जाने वाली सामग्री।

# चलती बाइक पर युवक ने किया खतरनाक स्टंट पुलिस ने काटा चालान, वाहन भी किया जब्त

श्रीकंचनपथ न्यूज




**भिलाई।** जिले में बाइक स्टंटबाजों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में मरोदा ओवर ब्रिज के आगे व्यस्ततम मार्ग पर एक युवक को सीट पर खड़े होकर बाइक चलाना भारी पड़ गया। युवक का स्टंट का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। यातायात पुलिस के हेल्पलाइन नंबर पर वीडियो पहुंचा और वीडियो के आधार पर वाहन नंबर सीजी 07 सीआर 1638 के चालक की पहचान हुई। यातायात पुलिस ने स्टंटबाज युवक पर छह हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। ट्रैफिक पुलिस ने बाइक का चालान काट दिया है।

यातायात डीएसपी सतीष ठाकुर ने बताया कि ट्रैफिक पुलिस को हेल्पलाइन नंबर पर युवक के स्टंट का वीडियो मिला जो कि काफी खतरनाक था। इस वीडियो में दोपहिया वाहन चालक के वाहन की पहचान की गई। न्यायालय द्वारा उस पर छह हजार रुपये का अर्थदंड लगाया गया। वहीं युवक को यातायात मुख्यालय में बुलाया गया और उसके बाद उसका वाहन जब्त किया गया। पकड़े गए युवक को समझाइश देकर छोड़ दिया। यातायात पुलिस ने बाइक पर स्टंटबाजी करने वालों लापरवाही से दूर रहने की अपील की है।

# केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान आज छत्तीसगढ़ दौरे पर, पीएम श्री योजना का करेंगे शुभारंभ

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री स्कूल फॉर राइजिंग इंडिया पीएम श्री योजना का शुभारंभ 19 फरवरी को होने जा रहा है। केन्द्रीय शिक्षा मंत्री श्री धर्मेन्द्र प्रधान के मुख्य आतिथ्य और मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में पीएम श्री योजना का शुभारंभ 19 फरवरी को शाम 5.30 बजे राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में होगा। कार्यक्रम के अति विशिष्ट अतिथि स्कूल शिक्षा मंत्री श्री बृजमोहन अग्रवाल होंगे।



गौरतलब है कि केन्द्र सरकार द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत देश भर के 14500 सरकारी स्कूलों को पीएम श्री योजना में अपग्रेड किया जा रहा है। इस योजना के तहत छत्तीसगढ़ के 211 स्कूलों का चयन प्रथम चरण में किया गया है। इसमें एलीमेन्ट्री स्तर पर 193 और सेकेंडरी स्तर पर 18 स्कूल शामिल है। विद्यार्थियों को इन स्कूलों में आईसीटी, डिजिटल क्लास रूम के माध्यम से प्रदान की जाएगी। इन स्कूलों के विद्यार्थियों को व्यावसायिक शिक्षा एवं स्थानीय उद्योगों के साथ इंटर्नशिप, उद्यमिता के अवसरों से जोड़ा जाएगा।

स्कूल शिक्षा विभाग एवं साक्षरता विभाग भारत सरकार, स्कूल शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन और केन्द्रीय विद्यालय संगठन एवं नवोदय विद्यालय समिति द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में लोकसभा सांसद सुनील सोनी, विधायक राजेश मूणत, पुरन्दर मिश्रा, मोती लाल साहू, अनुज शर्मा, गुरू खुशवंत साहेब, इंद्र कुमार साहू और महापौर रायपुर एजाज ढेबर विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

# छत्तीसगढ़ में एक्शन: हत्या के आरोपी के घर चला बुलडोजर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बिलासपुर।** बिलासपुर में हुए पंकज उपाध्याय जघन्य हत्याकांड के आरोपियों के घरों में बुलडोजर चलाया गया। अरपापार खमतराई अटल चौक के पास 14 फरवरी की रात सड़क पर फैले बिल्डिंग मटेरियल को हटाने की बात पर हुए हत्या में पुलिस के बाद अब निगम कमिश्नर के निर्देश पर भी कार्यवाही हुई है। सरकारी जमीन पर कब्जा कर रखे गए बिल्डिंग निर्माण सामग्री को नगर निगम ने जब्त किया है।




ज्ञातव्य है कि सरकंडा थाना क्षेत्र के खमतराई में 14 फरवरी की रात साढ़े ग्यारह बजे 23 वर्षीय पंकज उपाध्याय की हत्या कर दी गई थी। बीच सड़क पर गोपी सूर्यवंशी और उसके परिवार के लोग बिल्डिंग मटेरियल रख कर और सीमेंट का गारा बना कर घर व दुकान की फ्लोरिंग कर रहे थे। बीच सड़क पर आवागमन बाधित करने पर वहां से गुजरने वाले पंकज उपाध्याय और उसके दोस्त कल्लू ने जब आपत्ति की तो गोपी सूर्यवंशी और उसके बेटों समेत परिवार की एक महिला ने जानलेवा हमला कर पंकज उपाध्याय की हत्या कर दी। साथ ही उसका दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे मरा समझ कर आरोपियों ने छोड़ा था। घटना के चंद घंटों बाद ही पुलिस ने सारे आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था। जब घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आया तो पूरा शहर दहल गया। आरोपियों ने बड़ी नृशंसता से पंकज उपाध्याय की हत्या की थी। पुलिस ने आरोपियों का जुलूस भी निकाला था।

पंकज उपाध्याय के परिजनों ने उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा और डिप्टी सीएम अरुण साव से फोन पर गुहार लगाते हुए बेटे के हत्यारे को सजा दिलवाने और आरोपियों के घरों में बुलडोजर चलवाने की मांग की थी। पुलिस की कार्यवाही के बाद नगर निगम कमिश्नर अमित कुमार के निर्देशन में आरोपियों के मकान व दुकानों के अवैध कब्जे की जांच शुरू हो गई। निगम ने आरोपियों द्वारा शमशान भूमि पर बनाए गए अवैध निर्माण को तोड़ने 24 घंटे की चेतावनी देते हुए नोटिस चस्पा किया था। नगर निगम कमिश्नर अमित कुमार के निर्देशन में अटल चौक निवासी तिलकेश उर्फ सल्लू सूर्यवंशी, रुपेश सूर्यवंशी, शिव सूर्यवंशी, गोपी सूर्यवंशी व ईश्वरी सूर्यवंशी के मकानों व दुकानों की जांच कर नोटिस चस्पा किया गया।

# दवाइयां ले रही जान, हम दारू के पीछे पड़े

श्रीकंचनपथ




नशे का इतिहास भी मानव के इतिहास जितना ही पुराना है। आदिकाल से मनुष्य किसी न किसी प्रकार का नशा करता आ रहा है। सुरा, गांजा, भांग का उल्लेख पुराणों में भी मिलता है। सर्पदंश का नशा भी भारत के लिए कोई अनजान विषय नहीं है। आदिवासी समाज भी महुआ, ताड़ी, सल्फी, भांग, गांजा का नशा करता रहा है। भारतीय समाज में तम्बाकू का प्रवेश बहुत बाद में हुआ। अकबर के शासन काल में इसका पहली बार उल्लेख मिलता है। अकबर को वर्नेल नाम के पुर्तगाली ने तंबाकू और एक सुन्दर जड़ाऊ चिलम भेंट की थी। इसके साथ ही भारत में सन् 1609 के आस-पास तम्बाकू पीने की शुरुआत हुई। पर धूम्रपान और मद्यपान के साथ एक गंध जुड़ी हुई है। यह नशा गुपचुप नहीं किया जा सकता। पीने वाले के पास जाते ही उसके नशा करने के बारे में पता चल जाता है। हाल के वर्षों में गंध हीन शराब और इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट का चलन प्रारंभ हुआ। लोग नशा तो करना चाहते हैं पर यह नहीं चाहते कि लोगों को इसका पता लगे। नशे के साथ जुड़े इसी कलंक का फायदा उठाते हैं ड्रग्स बेचने वाले। वे लोगों को ऐसा नशा उपलब्ध कराते हैं जो उन्हें तो गंभीर नुकसान पहुंचाए पर किसी को कानों-कान खबर न हो कि वह नशे में है। दु:खद यह है कि इस जानलेवा काले कारोबार में दवा बनाने और बेचने वाला उद्योग खुद शामिल है। इनकी कृपा से युवाओं तक वो दवाइयां भी पहुंच जाती हैं जिनका उपयोग स्वयं चिकित्सक भी बहुत सोच समझकर सीमित अवधि के लिए करते हैं। हाल ही में पुलिस ने गरियाबंद जिले में एक युवक को पकड़ा है। उसके पास एक खास दवा के कई पत्ते मौजूद थे। डाक्टर के पर्चे पर 35-40 रुपए में मिलने वाले एक स्ट्रिप को वह 300 रुपए में बेच रहा था। इनमें से एक गोली का नशा 24 घंटे तक रहता है। नशा करने वाले के बेहद करीब रहने वालों को भी नहीं पता लगता कि वह नशे में है। युवक द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक वह रिटेल में बिना डाक्टरी पर्चे के ये पत्ते 100 रुपए प्रति स्ट्रिप की दर पर खरीदता है। इस मामले का एक और पहलू भी है। रोजगार का कोई ढंग का साधन हो या न हो, इससे किसी की जरूरतें कम नहीं हो जातीं। जब रोजगार का एक नंबर का साधन समाज छीन ले तो व्यक्ति में दो नंबर के काम करने का साहस खुद-ब-खुद पैदा हो जाता है। अब तक मेहनत से दो रोटी कमाने वालों के खिलाफपिछले कुछ समय से सामाजिक लामबंदी देखी जा रही है। नए दौर के वाहनों ने गाड़ी मैकानिकों का काम छीन लिया है। मांस, मछली खाने वाले भी अब दुकानें छांटने लगे हैं। यह भेदभाव फल, फूल और सब्जी मंडी में भी देखा जा रहा है। इस खामख्याली के नतीजे तो भोगने ही होंगे।




## संपादकीय

### नॉटी बॉय कामयाब

मौसम विज्ञान के क्षेत्र में अपनी पकड़ मजबूत बनाने की दिशा में भारतीय अंतरिक्ष संस्थान इसरो ने नई कामयाबी हासिल की है। शनिवार की शाम श्रीहरिकोटा से तीन चरण वाले जीएसएलवी ने उड़ान भरने के लगभग 18 मिनट बाद इन्सैट-3डीएस को जियोसिंक्रोनस ट्रांसफर ऑर्बिट (जीटीओ) में तैनात कर दिया। यह ऑर्बिट या कक्षा पृथ्वी से 35,786 किलोमीटर ऊपर स्थित है। इस ऊंचाई पर एक सैटेलाइट या उपग्रह उतने ही समय में एक कक्षा पूरी करता है, जितने समय में हमारा ग्रह अपनी धुरी पर एक चक्कर लगाता है, यह पृथ्वी के एक दिन के समान है। यह दूरसंचार और मौसम उपग्रहों के लिए एक लोकप्रिय कक्षा है, जहां से लगभग स्थिर भाव से उपग्रह अपने लक्ष्य पर निगाह बनाए रख सकता है। यह मौसम पूर्वानुमान और आपदा चेतावनी के लिए उन्नत मौसम संबंधी अवलोकन और भूमि व महासागरों की निगरानी के लिए डिजाइन किया गया है। मौसम विज्ञान एक ऐसा क्षेत्र है, जिसमें भारत को तेज तरक्की करने की जरूरत है, क्योंकि अपनी विविध भौगोलिक स्थिति की वजह से यह अनगिनत प्रकार की चुनौतियों से जूझ रहा है। सैटेलाइट को कक्षा में स्थापित करने की जिम्मेदारी जिस विमानन वाहन पर थी, उसे नॉटी बॉय कहा जा रहा है। इसरो के एक दिग्गज वैज्ञानिक ने लॉन्चिंग की सफलता के बाद खुशी से कहा है कि शरारती लड़का अब आज्ञाकारी हो गया है। दरअसल, इस लॉन्चिंग रॉकेट को पुख्ता करने में बहुत समस्या आ रही थी। इसी वजह से इसे शरारती लड़का या नॉटी बॉय कहा गया। अगर भारतीय अंतरिक्ष वैज्ञानिकों ने इस शरारती लड़के को अनुशासित बना दिया है, तो यह अपने आप में बड़ी कामयाबी है। तरह-तरह के उपग्रह विकसित कर लेने से कहीं ज्यादा चुनौतीपूर्ण है, उपग्रहों को उचित कक्षाओं में स्थापित करने की क्षमता हासिल करना। वास्तव में, इस समग्र लॉन्चिंग वाहन से यह 16वां प्रक्षेपण था और इसका सफल होना बहुत जरूरी था। मौसम संबंधी उपग्रहों में लगातार विकास हो रहा है और नए-नए उपग्रहों को कक्षाओं में स्थापित करना जरूरी है, ताकि सही भविष्यवाणियों की स्थिति बनी रहे। इसरो के लिए यह बहुत अच्छा समय है। विगत महीनों में इसरो ने कुछ बड़ी सफलताएं हासिल की हैं। उदाहरण के लिए, अगस्त 2023 में देश अपने चंद्रयान-3 लैंडर-रोवर मिशन के साथ चंद्रमा-लैंडिंग क्लब में शामिल हो गया। इसके बाद भारत ने आदित्य-एल1 को भी लॉन्च किया है। इसी वर्ष 1 जनवरी को देश ने ब्लैक-होल का अध्ययन करने वाले एक्स-रे पोलारिमीटर उपग्रह को लॉन्च किया है। कोई शक नहीं है कि भारतीय अंतरिक्ष विज्ञान ने एक लंबा सफर तय कर लिया है, दो साल बाद भारत के पहले उपग्रह आर्यभट्ट को पचास साल हो जाएंगे। 19 अप्रैल, 1975 को रूस ने भारत के आर्यभट्ट को कक्षा में स्थापित किया था। उसके बाद से भारत इस यात्रा में दुनिया के अनेक देशों से आगे निकल गया है। भारत अभी तक 130 से ज्यादा उपग्रह लॉन्च कर चुका है। वह दूसरे देशों की मदद में भी आगे है। मौसम विज्ञान की बात करें, तो साल 2002 में सफलता के साथ लॉन्च हुआ कल्पना-1 भारत का पहला मौसम संबंधी उपग्रह था। आज इसरो इस स्थिति में पहुंच गया है कि नासा आगे बढ़कर उसके साथ अभियान पर काम कर रहा है। संदेश स्पष्ट है कि भारतीय अंतरिक्ष विज्ञान का भविष्य उज्ज्वल है।

> “ अगर भारतीय अंतरिक्ष वैज्ञानिकों ने इस शरारती लड़के को अनुशासित बना दिया है, तो यह अपने आप में बड़ी कामयाबी है। तरह-तरह के उपग्रह विकसित कर लेने से कहीं ज्यादा चुनौतीपूर्ण है, उपग्रहों को उचित कक्षाओं में स्थापित करने की क्षमता हासिल करना। वास्तव में, इस समग्र लॉन्चिंग वाहन से यह 16वां प्रक्षेपण था और इसका सफल होना बहुत जरूरी था।

## यूपी में 11वीं सीट का खेला

उत्तर प्रदेश में लोकसभा की 10 सीटें खाली हो रही हैं, जिसके लिए 27 फरवरी को चुनाव होना है। विधानसभा की संख्या के लिहाज से भाजपा को सात और समाजवादी पार्टी को तीन सीटें मिलेंगी। दोनों पार्टियों ने पहले अपने अपने कोटे की सीटों के लिए उम्मीदवार की घोषणा की थी। लेकिन नामांकन दाखिल करने के आखिरी दिन यानी गुरुवार को भाजपा ने अपना आठवां उम्मीदवार चुनाव में उतार दिया। अगर यह उम्मीदवार नहीं आता तो सभी 10 लोग निर्विरोध चुने जाते। लेकिन अब चुनाव की नौबत आ गई है। अगर नाम वापसी के दिन कोई उम्मीदवार नाम वापस नहीं लेता है तो 27 फरवरी को चुनाव होगा। भाजपा ने आठवां उम्मीदवार समाजवादी पार्टी के पुराने नेता संजय सेठ को बनाया है। सपा ने उनको 2016 में राज्यसभा में भेजा था। 2022 में कार्यकाल पूरा होने के बाद वे भाजपा में चले गए थे। अब उनके जरिए सपा के एक उम्मीदवार को हराने के लिए भाजपा ने दांव चला है।

इस समय उत्तर प्रदेश विधानसभा में चार सीटें खाली हैं। सो, 399 की संख्या के लिहाज से एक सीट जीतने के लिए 37 वोट की जरुरत है। भाजपा के अपने 252 सदस्य हैं। इसके अलावा अपना दल के 13 और निषाद पार्टी व सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के छह-छह विधायक हैं। पिछले दिनों सपा का साथ छोड़ कर आए राष्ट्रीय लोकदल के नौ सदस्य हैं। इस तरह एनडीए के विधायकों की कुल संख्या 286 हो जाती है। उसे अपने सात सदस्यों की जीत के लिए 259 वोट की जरुरत है। उसके बाद उसके पास 27 वोट अतिरिक्त बचते हैं। दूसरी ओर रालोद के अलग होने के बाद सपा के पास अपने 108 और कांग्रेस के दो विधायक हैं। उसे तीन सीट जीतने के लिए 111 वोट की जरुरत है। यानी उसके पास एक वोट कम पड़ रहा है। इस बीच अपना दल कमेरावादी की पल्लवी पटेल ने उम्मीदवारों पर सवाल उठाते हुए कह दिया है कि वे वोट नहीं करेंगी। वे सपा के चुनाव चिन्ह पर जीती हैं इसलिए अगर वोट नहीं करती हैं तो सपा को दो अतिरिक्त वोट की जरुरत होगी। बताया जा रहा है कि रालोद के नौ में से चार विधायक ऐसे हैं, जो सपा के नेता हैं। सो, दोनों तरफ से क्रॉस वोटिंग की संभावना जताई जा रही है। सपा ने जया बच्चन, आलोक रंजन और रामजी लाल सुमन को उम्मीदवार बनाया है। जया बच्चन और आलोक रंजन को लेकर पार्टी नेताओं में नाराजगी है। इसलिए कहा जा रहा है कि कई विधायक क्रॉस वोटिंग कर सकते हैं। जो हो भाजपा ने यूपी में राज्यसभा का चुनाव दिलचस्प बना दिया है।

## उच्च सदन में भाजपा के चेहरे

भारतीय जनता पार्टी संसद के उच्च सदन यानी राज्यसभा का चेहरा बदल रही है। पार्टी ने राज्यसभा के लिए जैसे नेताओं का चुनाव किया है वह पार्टी के लोगों को भी हैरान करने वाला है। इस बार भाजपा के 28 राज्यसभा सदस्य रिटायर हो रहे हैं लेकिन भाजपा ने सिर्फ चार सदस्यों को वापस उच्च सदन में भेजने का फैसला किया है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव व एल मुरुगन और पार्टी के प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी, इन चार के अलावा बाकी 24 को टिकट नहीं मिली है। कहा जा रहा है कि उनमें से कुछ लोगों को लोकसभा का चुनाव लड़ाया जाएगा। एक दर्जन ऐसे नाम हैं, जिनको लोकसभा की टिकट मिल सकती है लेकिन बाकी का क्या? क्या बाकी एक दर्जन लोगों का करियर समाप्त हो गया? यह कुछ समय बाद पता चलेगा। आमतौर पर राज्यसभा में पार्टियों के बड़े और पुराने नेताओं को भेजा जाता है। बेहतर बौद्धिक क्षमता वाले नेताओं को उच्च सदन के लिए तरजीह दी जाती है। माना जाता है कि लोकसभा की कार्यवाही पर चेक एंड बैलेंस के लिए एक उच्च सदन जरूरी है। तभी उच्च सदन के लिए उम्र सीमा पांच साल ज्यादा रखी गई है। लोकसभा चुनाव लड़ने की उम्र 25 साल है लेकिन राज्यसभा में 30 साल से कम उम्र का व्यक्ति सदस्य नहीं हो सकता है।

> “ भविष्य में बहुत दूर न जाएं, तब भी क्या यह वास्तव में इतनी बड़ी समस्या है कि दुनिया को चिंता करनी चाहिए? क्या विश्वव्यापी मंदी का खतरा भी हो सकता है? इस साल की शुरुआत में अपनी ग्लोबल रिस्क रिपोर्ट में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने जो कहा था, वह इस सवाल का कुछ हद तक जवाब देता है। इसमें 102 देशों के निजी क्षेत्र के अधिकारियों के बीच हुए एग्जिक्यूटिव ओपिनियन सर्वे के परिणाम भी शामिल हैं।

# हांफती वैश्विक अर्थव्यवस्था के मायने

आलोक जोशी, वरिष्ठ पत्रकार

अब मंदी भी 'भेड़िया आया, भेड़िया आया' की तर्ज पर आती दिख रही है। कोरोना के बाद लंबे समय तक मंदी की आशंका रही। किसी न किसी तरह दुनिया उस डर से बाहर निकलती कि नए खतरे के बादल मंडराने लगे, यूक्रेन व गाजा में युद्ध छिड़ गया और अब तो भेड़िया आ ही गया है। दुनिया की सात बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से दो मंदी में जा चुकी हैं। साल 2023 की आखिरी तिमाही में ब्रिटेन की जीडीपी में 0.3 प्रतिशत की गिरावट दर्ज हुई है। उधर, जापान की अर्थव्यवस्था में भी 0.4 फीसदी की अप्रत्याशित गिरावट आई है। यह देश कभी लंबे समय तक दुनिया की दूसरी अर्थव्यवस्था रहा है। जापान की जीडीपी में इससे पहले की तिमाही में 3.3 प्रतिशत की बड़ी गिरावट आ चुकी थी। यानी, लगातार दो तिमाहियों में गिरावट। अर्थशास्त्र में यही मंदी की तकनीकी परिभाषा है। ब्रिटेन में पिछली तिमाही की गिरावट 0.1 प्रतिशत की थी।

ये दोनों दुनिया के सात सबसे अमीर देशों में शामिल हैं, जी-7 के सदस्य हैं। इनकी अर्थव्यवस्था में गिरावट या ठहराव दुनिया के लिए चिंता का कारण इसलिए भी है, क्योंकि अगर अमीरों का यह हाल होगा, तो बाकी का क्या होगा? दोनों ही देशों का यह हाल इसलिए और भी चिंताजनक है, क्योंकि यह तमाम अर्थशास्त्रियों की आशंकाओं से भी बुरा है। समाचार एजेंसी रॉयटर्स ऐसे आंकड़ों से पहले अर्थशास्त्रियों से उनके अनुमान पूछती है। इस बार के सर्वे में शामिल सभी अर्थशास्त्री एकमत थे कि ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था में 0.1 प्रतिशत की गिरावट दिख सकती है। उधर, जापान में ब्लूमबर्ग के ऐसे ही सर्वे में शामिल 34 में से सिर्फ एक अर्थशास्त्री ने मंदी की आशंका जताई थी, बाकी सबकी राय का निचोड़ था कि जीडीपी में 1.1 प्रतिशत की वृद्धि की संभावना है। जाहिर है, दोनों ही जगह मंदी ने विद्वानों को हतप्रभ कर दिया है, और सरकारों के साथ-साथ केंद्रीय बैंकों के लिए भी राह काफी मुश्किल कर दी है। यह एक बड़ा सवाल है कि क्या इन दोनों देशों की मंदी बाकी दुनिया के लिए भी खतरे की घंटी है?



ऐसा नहीं है कि यह अचानक हुआ है। यूक्रेन पर रूस के हमले से ही चिंताएं बढ़ने लगी थीं और इजरायल पर हमास के हमले के बाद तो कई बड़े जानकारों ने एकदम साफ चेतावनी दे दी थी कि यह संघर्ष दुनिया को मंदी की तरफ धकेल सकता है। दुनिया की सबसे बड़ी म्यूचुअल फंड कंपनी ब्लैकरॉक के सीईओ लैरी फिंक ने तीन महीने पहले ही कहा था कि हमास का हमला, इजरायल की जवाबी कार्रवाई और यूक्रेन पर रूस के हमले जैसी घटनाओं ने मिलकर दुनिया को एक नए भविष्य की तरफ धकेल दिया है। उन्होंने एक इंटरव्यू में कहा कि पूरी दुनिया में उम्मीदें कम हो रही हैं और आशंकाएं बढ़ रही हैं। जब डर बढ़ता है, तो लोग खर्च और खरीदारी कम कर देते हैं, इसीलिए आशंकाओं का बढ़ना लंबे दौर में मंदी का कारण बनता है।

अमेरिका के सबसे बड़े बैंक जे पी मॉर्गन के मुखिया जेमी डिमोन तो इससे भी करीब एक महीने पहले चेता चुके थे कि इस वक्त दुनिया अपने कई दशकों के इतिहास में शायद सबसे खतरनाक दौर से गुजर रही है। इसके करीब तीन हफ्ते बाद उन्होंने संडे टाइम्स अखबार से बातचीत में कहा कि यूक्रेन की लड़ाई और इजरायल-हमास का संघर्ष, दोनों बहुत डरावनी घटनाएं हैं, जिनके नतीजे के बारे में कुछ नहीं कहा जा सकता, पर विश्व राजनीति की दृष्टि से यह घटनाक्रम पूरे विश्व के भविष्य के लिए महत्वपूर्ण मसला है।

भविष्य में बहुत दूर न जाएं, तब भी क्या यह वास्तव में इतनी बड़ी समस्या है कि दुनिया को चिंता करनी चाहिए? क्या विश्वव्यापी मंदी का खतरा भी हो सकता है? इस साल की शुरुआत में अपनी ग्लोबल रिस्क रिपोर्ट में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने जो कहा था, वह इस सवाल का कुछ हद तक जवाब देता है। इसमें 102 देशों के निजी क्षेत्र के अधिकारियों के बीच हुए एग्जिक्यूटिव ओपिनियन सर्वे के परिणाम भी शामिल हैं। सर्वे में शामिल लोगों ने इस वक्त के जो पांच सबसे बड़े खतरे गिनाए, उनमें आर्थिक मंदी का डर प्रमुख है। मुद्रा कोष के अनुसार, आर्थिक मंदी को दो तरह से देखा जा सकता है, या तो दुनिया का आर्थिक विकास बढ़ने की जगह कम हो जाए, जैसे अभी जापान और ब्रिटेन में दिखा। या फिर, कई वर्षों तक अर्थव्यवस्था के बढ़ने की रफ्तार सुस्त हो जाए या थम जाए। हालांकि, मुद्रा कोष के जिम्मेदार अधिकारी अभी मंदी की भविष्यवाणी करने से कतरा रहे हैं, लेकिन संगठन का यह तो मानना है कि अर्थव्यवस्था में बढ़त की रफ्तार कम हो रही है, जिससे अनिश्चितता बढ़ रही है।

उधर जापान में आर्थिक स्थिति की भविष्यवाणी करने के लिए मशहूर आर्थिक विशेषज्ञ योशिकी शिंके ने चेताया है कि मौजूदा तिमाही, यानी जनवरी से मार्च के बीच भी जापान मंदी से बाहर नहीं निकलने वाला है। जापान के लिए यह मुश्किल काफी विकट हो सकती है। बैंक ऑफ जापान 2007 के बाद पहली बार ब्याज दरें बढ़ाने की सोच रहा था, जो करना अब शायद बेहद मुश्किल हो जाए। जापान में पिछले कई साल से ब्याज दर जीरो से नीचे चल रही है, यानी आप बैंक में पैसा रखेंगे, तो उस पर ब्याज मिलने के बजाय आपको ब्याज भरना पड़ेगा, और जो लोग कर्ज लेंगे, उन्हें मूल से कम रकम लौटानी होगी। ऐसा इसलिए, ताकि लोग बचत के बजाय खर्च करें और उद्योगपति नए कारोबार शुरू करने से न कतराएं। मगर 2016 में लागू हुई इस नीति के आठ साल बाद भी इसका साफ असर नहीं दिख पाया है।

हालांकि, शिंके को लगता है कि इस सबके बावजूद बैंक ऑफ जापान ब्याज दरें बढ़ा सकता है और वह अर्थव्यवस्था के बेहतर भविष्य की तरफ इशारा भी करेगा। कुछ दूसरे विद्वानों का मानना है कि जापान जिस हाल में फंसा है, वहां से निकलने के लिए वह सिर्फ अपने केंद्रीय बैंक या मौद्रिक नीति के भरोसे नहीं रह सकता, अर्थव्यवस्था में कुछ बुनियादी सुधारों से ही आगे बढ़ने का कोई रास्ता निकलेगा। क्या यूक्रेन और गाजा में युद्ध समाप्त करने से भारत व दुनिया की अर्थव्यवस्थाओं को मदद मिलेगी?

इस बीच हुआ यह कि जापान की अर्थव्यवस्था दुनिया में तीसरे नंबर से खिसककर चौथे पर पहुंच चुकी है। जर्मनी उससे आगे निकल गया है। भारत भी अब ज्यादा दूर नहीं है। भारत में आर्थिक तरक्की की रफ्तार जापान, जर्मनी या किसी भी पश्चिमी देश से ज्यादा है। ऐसे में, क्या दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का भारत का लक्ष्य भी वक्त से काफी पहले साकार दिखेगा, यह सवाल बड़ा होता दिख रहा है।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# कृत्रिम बुद्धिमत्ता के मायाजाल को समझने में हमारा फायदा

जसप्रीत बिंद्रा, तकनीक विशेषज्ञ

जर्मन रसायन विज्ञानी फ्रेडरिक केकुले को एक दिवा-स्वप्न आया था, जिसमें एक सांप ने अपनी ही पूंछ को डस लिया था। तब हेक्सागोनल रिंग संरचना की खोज संभव हुई थी। इससे कार्बनिक रसायन विज्ञान को एक अपूर्व सिद्धांत हासिल मिला था। केकुले अकेले नहीं हैं। कथित तौर पर दिमित्री मेंडेलीव ने आवर्त सारणी का सपना देखा था और थॉमस एडिसन ने भी दावा किया था कि उन्होंने अपने सपनों को ही अपने जीवन में भौतिक रूप से साकार किया है। लेखक स्टीफन किंग ने भी दावा किया था कि उन्होंने नींद में एक उड़ान के दौरान अपने उपन्यास माइजरी का सपना देखा था। ऐसे अनेक रचनाकार या वैज्ञानिक हुए हैं, जिन्होंने अपने देखे सपनों या माया को ही साकार किया है। दुनिया की अनेक श्रेष्ठ कृतियां माया या मतिभ्रम से प्रेरित हैं।

बहुत दिलचस्प है कि चैट-जीपीटी की शुरुआत के बाद 'हेलुसिनेट' शब्द प्रौद्योगिकीय शब्दकोश में शामिल हो गया है और इस शब्द का हिंदी में अर्थ है माया या मतिभ्रम। यह एहसास जगजाहिर है कि हम जेनरेटिव एआई चैटबॉट पर बहुत सारी झूठी और अजीब चीजों के आविष्कार के सपने देखने लगे हैं या तरह-तरह की कल्पना करने लगे हैं। सिडनी नामक एक चैटबॉट ने न्यूयॉर्क टाइम्स के एक रिपोर्टर के प्रति अपने अटूट प्रेम का इजहार कर दिया था। एक अमेरिकी वकील ने एक विमानन कंपनी के खिलाफ मामला दायर करने के लिए एआई पर भरोसा किया, पर न्यायाधीश ने पाया कि उद्धृत तमाम बातें चैट-जीपीटी की उपज थीं।

इतना ही नहीं, जब मैं कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रम के लिए भारतीय दर्शन व गोपनीयता पर शोध पत्र लिख रहा था, तब चैट-जीपीटी ने आधिकारिक तौर पर मुझे उद्धृत करने के लिए पांच शोध पत्र दिए थे और वे सब गलत थे। जेनेरेटिव एआई की इस मतिभ्रम या माया रचने की क्षमता से जानकार बहुत चिंतित हो उठे हैं।



वास्तव में, एक बड़े भाषा मॉडल या इंटरनेट की भाषा में कहें, तो लार्ज लंग्वेज मॉडल की कारगरता को अक्सर इस बात से मापा जाता है कि यह कितनी माया उत्पन्न करता है या नहीं करता है। अब कुछ अनुसंधान कंपनियां मतिभ्रम सूचकांक भी पेश करने लगी हैं। एक हालिया कॉर्नेल शोध से पता चलता है कि जीपीटी3.5 इन दिनों 69 प्रतिशत बार मतिभ्रम पैदा करता है और मेटा का एलएलएएमए2 आश्चर्यजनक रूप से 88 प्रतिशत से ज्यादा बार मतिभ्रम पैदा कर रहा है। जेनेरेटिव एआई के मॉडलों के नए संस्करणों में काफी सुधार हुआ है, पर कंपनियों को चिंता है कि ये मॉडल बड़े पैमाने पर बकवास फैला रहे हैं, इससे उनके ब्रांड और शेयर की कीमत को भी नुकसान पहुंच सकता है। ग्राहक नाराज हो सकते हैं और कानूनी खतरा भी पैदा हो सकता है।

वैसे, हमें इस बारे में अलग ढंग से सोचने की जरूरत है। क्या होगा यदि इस दुनिया में मतिभ्रम ही एक विशेषता बन जाए? तब क्या होगा, अगर हम रचनात्मकता के मायावी स्वरूप का उसी तरह लाभ उठाना शुरू कर दें, जैसे कभी केकुले ने उठाया था? गूगल के सुंदर पिचई इसी विचार के पैरोकार हैं। उनका सुझाव है कि जेनेरेटिव एआई का अनुभव कल्पनाशील होना चाहिए, एक बच्चे की तरह, जो यह नहीं जानता कि जब वह कुछ कल्पना कर रहा है, तो राह में कैसी बाधाएं हैं। एक विशेषज्ञ मार्क आंद्रेसेन कहते हैं, जब हमें उत्तर पसंद आता है, तब हम इसे रचनात्मकता कहते हैं और जब पसंद नहीं आता है, तो मतिभ्रम। वैसे अनेक आधुनिक कलाकारों और रचनाकारों ने एआई पर पकड़ बना ली है, माया के सहारे ही सही, वे कुछ नया रचने में जुट गए हैं।

कुछ विशेषज्ञों का मानना है कि यह मतिभ्रम विज्ञान का विचलन उतना नहीं है, जितना मानव संस्कृति का प्रतिबिंब। यदि हम इसे एक पूर्वानुमान उपकरण के रूप में नहीं, बल्कि एक ऐसे उपकरण के रूप में देखना बंद कर दें, जो हमें नवीन विचार और सामग्री देकर हमारी रचनात्मक शक्ति को बढ़ाता है, तो मतिभ्रम का स्वागत ही किया जाएगा। कल्पना करने वाले लेखक के रूप में सोचें, तो यह सही है, पर गैर-काल्पनिक लेखक के रूप में सोचें, तो गलत है। रचनात्मकता को सहारा अवश्य मिलेगा, लेकिन हमें एआई मॉडलों में सुधार होने तक सचेत रहना ही होगा।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# किसान की ससम्मान सुनवाई करने का सही अवसर

राजेश रामचंद्रन

इन दिनों किन्नुओं की बहार है और घर-द्वार पर यह 50 रुपये प्रति किलोग्राम बिक रहा है। वे पाठक, जो उपभोक्ता हैं, उनको इसमें कुछ असामान्य नहीं लगेगा। लेकिन इस बार की इसकी फसल की कहानी जद्दोजहद और आंसुओं से भीगी है। अबोहर मंडी में, जो शायद विश्वभर में किन्नू के लिए सबसे बड़ी व्यापार मंडी है, बागवान के किन्नू का भाव 3-10 रुपये प्रति किलोग्राम लग रहा है। जिस फल का दाम किसान को महज 3 रुपये प्रति किलो मिल रहा है वही चंडीगढ़ में उपभोक्ता रेहड़ी वाले से 50 रुपये में खरीद रहा है। यदि इस विद्रूपता भरी स्थिति से तीव्र आंदोलन पैदा न होगा तो फिर किससे होगा? और आज पंजाब-हरियाणा सीमा पर जो हो रहा है, वह यही है।

ऐसा क्यों? फाजिल्का जिले की अबोहर तहसील के पट्टी सादिक गांव के गुरप्रीत सिंह इस बुनियादी सवाल का जवाब पाना चाहते हैं। केंद्रीय सरकार ने उनके सफल फसल-विविधीकरण प्रयासों के लिए उन्हें राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया है। मुखर और प्रगतिशील किसान का गुरप्रीत से बेहतर अन्य उदाहरण नहीं हो सकता। उन्होंने शिक्षा में विशेषज्ञता के साथ स्नातक और स्नातकोत्तर डिग्री कर रखी है फिर भी खेती को बतौर पूर्णकालिक व्यवसाय चुना। सामान्य गेहूं-चावल के फसल चक्र से हटकर गुरप्रीत ने विविधीकरण के लिए किन्नू को चुना और 27 एकड़ पुश्तैनी जमीन के 20 एकड़ रकबे में किन्नू के बाग लगाए। लेकिन आज वे पूरी तरह मायूस हैं।

ले-देकर उनके किन्नू का मंडी में भाव 10.30 रुपये प्रति किलो लगा, जो खुदरा उपभोक्ता द्वारा चुकाए जाने वाले मूल्य का महज पांचवां हिस्सा बनता है। गुरप्रीत का दावा है कि पंजाब एग्रो नामक खरीद कंपनी, जो नवम्बर-दिसम्बर में बाजार में उतरी थी, उसने उन्हें नजरअंदाज करते हुए राजनीतिक रूप से प्रभावशाली लोगों से किन्नू की 12.60 रुपये प्रति किलो के भाव से खरीद की है। हालांकि उनके इस दावे का कोई प्रमाण नहीं है। लेकिन यह तथ्य है कि इस साल फसल बढ़िया हुई है और जिन खरीददारों ने पिछले साल 27 रुपये प्रति किलो के दाम लगाकर किसानों को किन्नू उगाने के लिए प्रोत्साहित किया था, वे अचानक गायब हो गए। शायद पड़ोसी मुल्क द्वारा आयात शुल्क में बढ़ोतरी के कारण। लेकिन ये कारण उस किसान के लिए सुनने में बहाने मात्र हैं, जो बम्पर फसल देने की गलती करके, उलटा घाटे में डूबा।



यह तथ्य है कि आपूर्ति श्रृंखला के आरंभिक बिंदु पर जिस उत्पाद को 3 रुपये प्रति किलो के भाव से खरीदा जा रहा है, वह 300 किमी की दूरी पर खुदरा उपभोक्ता छोर पर 50 रुपये प्रति किलो बिक रहा है। पंजाब-हरियाणा सीमा पर जो किसान आज आंदोलनरत हैं वे भारतीय कृषि-उत्पाद बाजार में व्याप्त इस मूल विद्रूपता को ठीक करवाने के वास्ते हैं। शहरी लोग, जो पंजाब के किसानों द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य को कानूनन गारंटी बनाने वाली मांग के प्रति निष्ठुर हैं और प्रदर्शनकारियों पर ड्रोन द्वारा आंसू गैस के गोले छोड़ने को सही ठहरा रहे हैं, वे किंचित ठिठककर विचार करें और सोचें कि क्या उन्हें अपने किसी उत्पाद को लागत से कम मूल्य पर बेचना गवारा होगा? तब उन्हें कैसा महसूस होगा जब पाएंगे कि उनका उत्पाद, पड़ोस के जिलों में, खरीद मूल्य से 5 से 18 गुणा महंगा-वह भी बिना कोई मूल्य-संवर्धन क्रिया से गुजरे-बिक रहा हो।

गुरप्रीत सिंह, एक प्रगतिशील किसान, जिसे अपनी जमीन, मिट्टी, भूजल स्तर की परवाह है और वह जिसे धान लगाने की एवज में पानी की भारी हानि को लेकर चिंता है, उसके पास एक सरल हल है- विपणन और अनुसंधान एवं विकास द्वारा मूल्य संवर्धन। कृषि वैज्ञानिक डॉ. एमएस स्वामीनाथन को भारत रत्न देकर सम्मानित किया जाना ऐसे वक्त में हुआ है जब गुरप्रीत को उनके ही दिए भाव-समीकरण के मुताबिक इस साल फसल पर कोई लाभ नहीं मिला। लेकिन गुरप्रीत की विपणन को लेकर चिंताओं के संदर्भ में भारत के उनसे भी बड़े रत्न यानि वर्गीज कुरियन के बारे में बात करना प्रासंगिक होगा।

उन्होंने सुनिश्चित किया कि जो कुछ किसान बेचे उसे एक संगठन खरीदे, जो मुनाफा बनाए और इस लाभ का हिस्सा किसान को बेहतर खरीद प्रदान कर, उससे साझा करे। कृषि उत्पाद विपणन का अमूल से बेहतर कोई अन्य उदाहरण है? जिस प्रकार का लाभांश अमूल का उत्पादक-शेयरधारकों को मिलता है, वैसा पाने का हकदार भारत का प्रत्येक किसान है। जब तक किसान को उसके द्वार पर उत्पाद का मूल्य- लाभ सहित- न मिल पाएगा तब तक भारतीय कृषक सरकार के समक्ष दखल देने और कानूनन गारंटी देने की मांग करने को मजबूर रहेगा।

खाद्य तेल का भारत सबसे बड़ा खरीदार है और इसके लिए 20 बिलियन डॉलर मूल्य का आयात सालाना करना पड़ता है, तथापि, सूरजमुखी बीज के उत्पादक किसानों को पिछली फसल में यथेष्ट भाव पाने के लिए हरियाणा के कुरुक्षेत्र के पास शाहबाद में नेशनल हाइवे को जाम करके प्रदर्शन करना पड़ा-जिस न्यूनतम सरकारी समर्थन मूल्य 6400 रुपये प्रति क्विंटल पर इसकी कथित खरीद की गई, यह महत्वपूर्ण उत्पाद सरकार द्वारा खरीदना अपेक्षित है जो उपभोक्ता की जेब पर असर डालता है। लेकिन पिछले साल किसान को अपनी सरसों की फसल भी आढ़ती को 4,440 रुपये प्रति क्विंटल बेचनी पड़ी. जबकि न्यूनतम समर्थन मूल्य 5,450 रुपये प्रति क्विंटल तय हुआ था।

हर साल, ऐसे दृश्य देखने को मिलते हैं जब कुछ किसान सड़कों पर सब्जियां या फल फेंक देते हैं या फिर खेतों में ट्रैक्टर से कुचलना पड़ता है, इससे सरकार की आंख खुल जानी चाहिए थी। जाहिर है, किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य को कानूनी बाध्यता बनवाकर खरीद करवाने के सिवा कोई अन्य राह नहीं सूझेगी। सरकार परस्त अर्थशास्त्री और टिप्पणीकार, जो ऐसा करने पर वित्तीय आपदा टूट पड़ने का हौवा खड़ा करते हैं और अपनी बात को सिद्ध करने के लिए कई लाखों करोड़ रुपये की आंकड़ेबाजी का सहारा लेते हैं, उन्हें इतनी भी समझ नहीं है कि उपभोक्ता तो पहले से ही उत्पाद के लाखों करोड़ रुपये भर रहा है, और मुनाफे में किसान के पल्ले कुछ नहीं पड़ता है।

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान
विज्ञापन के लिए संपर्क करे:-
9827806026,
7869620239

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair
DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी
पहले बाद में
JITU'Z CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बेंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)






# श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़



इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com
WWW.ONLYTDS.COM




## खास खबर

### आबकारी वृत्त सरायपाली की बड़ी कार्यवाही, भारी मात्रा में महुआ शराब जप्त

**महासमुंद।** अवैध रूप से आसवित महुआ शराब के उपभोग से संभावित जनहानि को रोकने तथा आबकारी राजस्व की सुरक्षा के मद्देनज़र आबकारी वृत्त सरायपाली के द्वारा कच्ची शराब के विरुद्ध सतत कार्रवाई की जा रही है।

शनिवार को मुखबीर सूचना के आधार पर आबकारी टीम सरायपाली के द्वारा ग्राम अमलीपदर थाना- बलौदा के रिंकू कुम्हार उम्र 34 वर्ष के कब्जे से अवैध कच्ची हाथ भट्टी महुआ शराब कुल मात्रा 150 लीटर जप्त कर आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(2), 59(क) के तहत अपराध दर्ज कर माननीय न्यायालय से रिमांड प्राप्त कर जेल दाखि़ल किया गया है।

उक्त कार्रवाई आबकारी वृत्त सरायपाली प्रभारी सहायक जिला आबकारी अधिकारी उत्तम बुद्ध भारद्वाज के नेतृत्व में की गई। जिसमें आबकारी आरक्षक खिनीराम खूँटे, नगर सैनिक प्रदीप प्रधान, बालकृष्णा प्रधान एवं आबकारी स्टाफ मौजूद रहे।

### अग्निवीर थल सेना भर्तीः 23 मार्च तक ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित

**धमतरी।** भारतीय सैन्य बलों में अग्निवीर थल सेना के लिए ऑन लाईन आवेदन 23 मार्च तक आमंत्रित किए गये है। यही भर्ती अग्निवीर सामान्य ड्यूटी, टेक्निकल क्लर्क, स्टोर कीपर, ट्रेडसमेन (10वीं पास), ट्रेडसमेन (8वीं पास), अग्निवीर सामान्य ड्यूटी (महिला) मदों पर की जाएगी। शैक्षणिक योग्यता न्यूनतम आंठवीं से बारहवीं तक हैं। आयु 30 अक्टूबर 2024 को 17 वर्ष 6 माह से 21 वर्ष तक होनी चाहिए। आवेदक भारतीय सेना के वेबसाइट www.joinindianarmy.nic.in में आवेदन कर सकते है। अधिक जानकारी के लिए जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, धमतरी, फोन नं. +91-07722-230019 से संपर्क कर सकते हैं।

### कलेक्टर चौहान ने शासकीय कृषि प्रक्षेत्र अमेठी के फसलों का निरीक्षण किया

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** कलेक्टर के एल चौहान ने सारंगढ़ के नजदीक स्थित शासकीय कृषि प्रक्षेत्र अमेठी के फसलों का निरीक्षण किया। चौहान ने अमेठी प्रक्षेत्र को और अधिक विकसित करने एवं उन्नत बनाने के लिए आवश्यक निर्देश तथा मार्गदर्शन दिए। इस अवसर पर कृषि उप संचालक आशुतोष श्रीवास्तव ने फसलों के प्रगति के संबंध में कलेक्टर को जानकारी प्रदान किया। अमेठी प्रक्षेत्र के फसलों में गेहूं किस्म सीजी 04 और जीडब्ल्यू 366 को 4-4 हेक्टेयर में 5-5 क्विंटल बीज बोया गया, जिसका उत्पादन 60-60 क्विंटल गेहूं संभावित है। इसी प्रकार सरसों का उत्पादन 8 हेक्टेयर में 50 किलो बीज बोया गया, जिसका उत्पादन 40 क्विंटल संभावित है। इसी प्रकार टिवडा का 2 हेक्टेयर में 100 किलो बीज बोया गया, जिसका उत्पादन 12 क्विंटल संभावित है। इस प्रकार कुल 18 हेक्टेयर में 11.50 क्विंटल बीज बोया गया, जिसमें 172 क्विंटल उत्पादन संभावित है।

# पुलिस आवासीय कॉलोनी अमलीडीह में कैंटीन का शुभारंभ, उपमुख्यमंत्री की तत्काल पहल से परिवार में हर्ष

## पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज अमरेश कुमार मिश्रा ने किया उद्घाटन, पुलिस परिवार ने किया धन्यवाद ज्ञापित

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के पुलिस कॉलोनी अमलीडीह प्रवास के दौरान पुलिस परिवारजनों के द्वारा अमलीडीह कॉलोनी में पुलिस कैंटीन खोले जाने के संबंध में आग्रह किया गया था। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के द्वारा पुलिस मुख्यालय को पुलिस परिवारजनों की मांग पर आवश्यक कार्यवाही यथा शीघ्र करने के निर्देश दिए गए थे। उपमुख्यमंत्री (गृह विभाग) के निर्देश पर पुलिस मुख्यालय द्वारा तत्परता से कार्यवाही कर पुलिस अधीक्षक, रायपुर एवं सेनानी चौथी वाहिनी छसबल को तत्काल पुलिस कैंटीन खोलने के निर्देश एवं अनुमति दी गई। आज, पुलिस आवासीय कॉलोनी अमलीडीह में पुलिस जवानों एवं उनके परिवार के कल्याणार्थ पुलिस कैंटीन का उद्घाटन अमरेश कुमार मिश्रा पुलिस महानिरीक्षक रायपुर क्षेत्र रायपुर के मुख्य आतिथ्य में संतोष कुमार सिंह पुलिस अधीक्षक रायपुर, योगेश पटेल सेनानी चौथी वाहिनी माना की गरिमामय



उपस्थिति में किया गया।

पुलिस आवासीय परिसर में निवासरत 1080 परिवार के द्वारा उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा सहित पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज रायपुर, पुलिस अधीक्षक रायपुर, सेनानी चौथी वाहिनी माना एवं पुलिस प्रशासन को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए इस सुविधा को प्रदान किए जाने के लिए आभार व्यक्त किया गया। पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज के द्वारा अपने उद्बोधन में कहा गया कि कल्याणकारी कार्य के दौरान हम सभी परिवारों को एक दूसरे परिवार का ख्याल रखना चाहिए एक दूसरे की मदद करनी चाहिए एक दूसरे के बच्चों को सही मार्गदर्शन देना चाहिए। हम सभी को मिलकर ऐसी भावना का विकास करें तो यह सभी के लिए अत्यंत प्रभावी एवं कल्याणकारी कदम होगा। पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज रायपुर द्वारा पुलिस एवं पुलिस परिवार के सदस्यों द्वारा बेहतर गाइडिंग करने वाले सदस्य को प्रत्येक माह पुरस्कार दिए जाने की बात कही उन्होंने पुलिस परिवार से कहा कि कैंटीन के खुलने से बाजार दर से कम मूल्य में सामान प्राप्त होंगे जो राशि बचेगी उसका परिवार के हित में सदुपयोग करें।

पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज अमरेश कुमार मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक रायपुर के द्वारा पुलिस कैंटीन प्रारंभ होने पर कैंटीन खोले जाने में सहयोग दिए जाने हेतु सेनानी चौथी वाहिनी माना, जिला पुलिस बल रायपुर के अधिकारीगण के साथ पुलिस परिवार के उन सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित किया जिन्होंने उसमें सहयोग किया। पुलिस परिवार के कल्याण के लिए इस प्रकार का कार्य भविष्य में भी करने की बात कही। सेनानी चौथी वाहिनी माना के द्वारा अपने उद्बोधन में पुलिस परिवार को पुलिस कैंटीन खोले जाने पर शुभकामनाएं व धन्यवाद ज्ञापित किया पुलिस परिवार की ओर से पुलिस आवासीय परिसर कॉलोनी के अध्यक्ष सुरेंद्र चंद्रा के द्वारा अपना उद्बोधन में सभी वरिष्ठ अधिकारियों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

इस कार्यक्रम में लखन पटले अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर, पीतांबर पटेल अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रोटोकॉल, मयंक गुर्जर (भा. पु. से.) नगर पुलिस अधीक्षक आजाद चौक, सत्य प्रकाश तिवारी उप पुलिस अधीक्षक, सुशांतो बनर्जी उप पुलिस अधीक्षक, निलेश द्विवेदी उप पुलिस अधीक्षक लाइन, वैभव मिश्रा रक्षित निरीक्षक रायपुर, निरीक्षक श्रीमती अर्चना धुरंधर थाना प्रभारी राजेंद्र नगर उपस्थित थे।

# यंग मेमन एसोसिएशन एवं अपोलो डायग्नोस्टिक सेंटर रायपुर द्वारा फ्री मेडिकल कैंप का आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** यंग मेमन एसोसिएशन रायपुर एवं अपोलो डायग्नोस्टिक सेंटर कालीबाड़ी रायपुर के संयुक्त प्रयास से राजधानी रायपुर के महिला मुस्लिम हॉल मोती बाग के पास बंजारी वाले बाबा के सामने भव्य फ्री मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। जिसमे रायपुर के सभी वर्ग एवं धर्म के लोगो की ब्लड शुगर, कोलेस्ट्रॉल, ब्लड ग्रुप जैसी अन्य जांच नि शुल्क की गई। इस शिविर में रायपुर के विख्यात डॉक्टरों द्वारा जनरल मेडिसिन, आंखो की जांच, दांतो की जांच, प्राकृतिक चिकित्सा द्वारा इलाज एवं निशुल्क परामर्श दिया गया। इस कैंप पर आंखो के ड्रॉप्स एवं अन्य दवाइया का भी निशुल्क वितरण किया गया। इसकी जानकारी देते हुए यंग मेमन एसोसिएशन



के अध्यक्ष मोहम्मद जावेद ईसाणी ने बताया कि इस शिविर का लाभ मेमन समाज के साथ साथ अन्य समाज के लोगों ने भी इस शिविर का लाभ उठाया।

शिविर में राजधानी रायपुर के महापौर एजाज ढेबर एवं हालाई मेमन जमात के प्रेसिडेंट मोहम्मद अख्तर भाई ढेबर के साथ हालाई मेमन जमात रायपुर के पदाधिकारी उपस्थित रहे और यंग मेमन एसोसिएशन टीम को इस सफल आयोजन के लिए बधाई देते हुए कहा कि आगे भी जनहित के इस तरह के कार्य करते रहे।

इसी कड़ी में यंग मेमन एसोसिएशन रायपुर और अपोलो डायग्नोस्टिक ने शिविर में आये हुई जनता, डॉक्टर्स एवम नर्सिंग स्टॉफ का आभार व्यक्त करते हुऐ स्मृति चिन्ह प्रदान किया।

# लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा कर रही बैठकों के जरिए तैयारी

**कोरबा।** आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर भारतीय जनता पार्टी में बैठकों का दौर चल रहा है एक तरफ जहां भाजपा की राष्ट्रीय अधिवेशन दिल्ली में चल रही है तो वहीं पार्टी के युवा मोर्चा की बैठकों का दौर राष्ट्रीय,प्रदेश और जिला स्तर पर जारी है।

ज्ञात हो विगत दिनों आगामी लोकसभा चुनाव और आगामी कार्यक्रम हेतु भाजयुमो की वर्चुअल प्रदेश की बैठक संपन्न हुई थी तत्पश्चात आज भाजयुमो जिला कार्यसमिति की बैठक कटघोरा मे संपन्न हुई बैठक में कार्यकर्ताओं को रिचार्ज करने के साथ साथ आगामी युवा चौपाल लगाने हेतु निर्देश दिए गए। भाजयुमो की मंडल इकाई को प्रत्येक मंडल में 20 स्थानों पर युवा चौपाल लगाकर प्रधानमंत्री मोदी के जनहित की सभी योजनाओं के बारे में युवाओं को बताना है। इसके लिए प्रत्येक मंडल हेतु दो दो विस्तारक भी तय कर लिए गए हैं जो मंडलों में प्रवास करेंगे,यह कार्यक्रम 5 मार्च तक चलेगा।

उक्त बैठक में भाजपा जिला महामंत्री संतोष देवांगन, पूर्व जिलाध्यक्ष पवन गर्ग, व्यवसाई प्रकोष्ठ संयोजक टेकचंद अग्रवाल, भाजपा मंडल कोषाध्यक्ष अजय धनोदिया, नवनियुक्त भाजयुमो जिला प्रभारी राहुल शराफ, जिलाध्यक्ष पंकज सोनी, महामंत्री अनूप यादव, प्रदेश सो.मी. विभूति कश्यप, प्रदेश कार्यसमिति किशन केशरवानी, सुभाष राठौर, प्रीति स्वर्णकार, भूपेंद्र साहू, जिला उपाध्यक्ष विवेक मार्कण्डेय, रंजू यादव, अनुराग राठौर, मंत्री गंगा पटेल, राजा डिक्सेना, अनुराग दुहलानी, कोषाध्यक्ष गोलू पांडे, बृजेश यादव, कटघोरा मंडल अध्यक्ष समजीत सिंह, महामंत्री जय गर्ग, पेश डिक्सेना सहित जिले की कार्यसमिति मंडल अध्यक्ष एवम महामंत्री उपस्थित रहे।

# अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग हेतु ऑनलाइन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की तिथि में वृद्धि

- अब 26 मार्च तक कर सकते हैं ऑनलाइन आवेदन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**धमतरी।** धमतरी जिले एवं छत्तीसगढ़ राज्य से बाहर अध्ययनरत शासकीय एवं अशासकीय आईटीआईए महाविद्यालयएविश्वविद्यालयए इंजीनियरिंग कॉलेजए मेडिकल कॉलेजए नर्सिंग कॉलेजए एवं पॉलिटेक्निक आदि के प्राचार्य एवं संस्था प्रमुखए छात्रवृत्ति प्रभारी एवं उनमें अध्ययनरत अनुसूचित जनजातिए अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के




विद्यार्थी जो विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की पात्रता रखते है वे शिक्षा सत्र 2023-24 हेतु ऑनलाइन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति कक्षा 12वीं से उच्चतर के पंजीयन, स्वीकृति एवं वितरण हेतु ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं।

सहायक आयुक्त आदिवासी विकास ने जानकारी देते हुए बताया कि छात्रवृति हेतु विद्यार्थी नवीन एवं नवीनीकरण ऑनलाइन आवेदन 19 फरवरी से 14 मार्च 2024 तथा 15 मार्च से 26 मार्च 2024 नवीन/नवीनीकरण, ड्राफ्ट प्रपोजल लॉक करने हेतु 19 फरवरी से 28 मार्च 2024 एवं सेक्शन ऑडर लॉक करने 19 फरवरी से 30 मार्च 2024 तक निर्धारित है। निर्धारित तिथियों के पश्चात् शिक्षा सत्र 202-.24 की पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति हेतु आवेदन स्वीकृत नहीं किये जायेंगे एवं ड्राफ्ट प्रपोजल अथवा सैंक्शन ऑर्डर लॉक करने का अवसर भी प्रदान नहीं किया जायेगा। निर्धारित तिथि तक कार्यवाही पूर्ण नहीं करने पर यदि संबंधित संस्थाओं के विद्यार्थी छात्रवृत्ति से वंचित रह जाते हैए तो इसके लिए संस्था प्रमुख स्वतः जिम्मेदार होंगे। छात्रवृत्ति का पीएफएमएस के माध्यम से आधार आधारित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति का भुगतान किया जा रहा है। अतः सभी विद्यार्थी ऑनलाईन आवेदन करते समय ध्यान रखे कि उनका बचत खाता एक्टिव हो एवं आधार सीडेड बैक खाता नम्बर की प्रविष्टि ही करना सुनिश्चित करें।

# नक्सलियों का आया जवाबः डिप्टी सीएम के वार्ता के प्रस्ताव पर माओवादी प्रवक्ता ने जारी किया बयान

- छत्तीसगढ़ की नवगठित विष्णुदेव साय सरकार में डिप्टी सीएम और गृह मंत्री विजय शर्मा के वार्ता प्रस्ताव पर नक्सलियों की तरफ से जवाब आया है
- नक्सलियों की दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी के प्रवक्ता विकल्प ने बयान जारी कर वार्ता प्रस्ताव पर अपने संगठन का पक्ष रखा है।

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** हथियार के दम पर सत्ता परिवर्तन




की नीति पर चलने वाले नक्सली (माओवादी) क्या शांति वार्ता को राजी होगें। प्रदेश के डिप्टी सीएम और गृह मंत्री विजय शर्मा की तरफ से वार्ता प्रस्ताव दिए जाने के बाद से यह सवाल लगातार उठ रहा था। गृह मंत्री शर्मा ने मीडिया से चर्चा के दौरान नक्सलियों के सामने बातचीत का प्रस्ताव रखा था। उन्होंने कहा था कि मोबाइल पर वीडियो कॉल के जरिये भी वे बातचीत के लिए राजी हैं। इस प्रस्ताव पर नक्सलियों की तरफ से जवाब का इंतजार किया जा रहा था, जो अब आ गया है। नक्सलियों की तरफ से वार्ता प्रस्ताव का दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी के प्रवक्ता विकल्प ने जवाब भेजा है। बता दें कि नक्सलियों की यही कमेटी बस्तर संभाग में सक्रिय है।

नक्सली प्रवक्ता विकल्प की तरफसे एक लिखित बयान जारी किया गया है। 8 फरवरी को जारी इस बयान में विकल्प ने वार्ता के लिए सरकार के सामने कुछ शर्तें रखी है। कहा है कि हमारी पार्टी के साथ वार्ता के प्रति यदि सरकार ईमानदार है तो वह न्यूनतम बातों पर तो पहले अमल करे। फिर हम सीधी वार्ता या वर्चुअल / मोबाइल वार्ता के लिए आगे आएंगे। बातचीत का विधि-विधान, एजेंडा और मुद्दे अलग से तय किए जा सकते हैं। इसलिए हमारी पार्टी जनपक्षधर पत्रकारों, नागरिक समाज, प्रगतिशील-जनवादी बुद्धिजीवियों, नागरिक / मानवाधिकार संगठनों से अपील करती है कि वे जनता पर जारी सरकारी दमनचक्र के खिलाफ आवाज बुलंद करें, ऑपरेशन कगार को बंद करने, वार्ता के लिए अनुकूल माहौल बनाने की दिशा में जरूरी कदम उठाने सरकारों पर दबाव डालें।

### वार्ता के लिए नक्सलियों की क्या है शर्त

प्रवक्ता विकल्प ने सरकार के सामने कुछ शर्त रखी है। इसमें बस्तर में पुलिस और सुरक्षा बलों का अभियान बंद करने की मांग भी शामिल है। विकल्प ने कहा कि वार्ता के लिए पार्टी के भीतर और जनता के साथ जरूरी सलाह-मशविरा, आदान-प्रदान के लिए सरकारें अनुकूल माहौल निर्मित करें। यह सुनिश्चित किया जाए कि मुठभेड़ों व क्रॉस फायरिंग के नाम पर झूठी मुठभेड़ों में आदिवासियों की जघन्य हत्याएं बंद हों। तमाम सशस्त्र बलों को 6 माह के लिए बैरकों (थानों व कैंपों) तक सीमित किया जाए। नए कैंप स्थापित करना बंद किया जाए। राजनीतिक बंदियों को रिहा किया जाए।




# निकाय क्षेत्रों में गुणवत्ता लाने नगरीय प्रशासन विभाग का निर्देश, सप्ताह में तीन दिन वार्डों का दौरा करेंगे निगम आयुक्त व पालिका के सीएमओ

उप मुख्यमंत्री अरुण साव की समीक्षा के बाद स्वच्छता, निर्माण कार्य, अतिक्रमण, राजस्व वसूली, पीएम आवास, पेयजल और विद्युत व्यवस्था के संबंध में विभाग ने जारी किए विस्तृत दिशा-निर्देश

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण सेवाएं प्रदान करने नगर निगमों के आयुक्त तथा नगर पालिकाओं व नगर पंचायतों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को अपने क्षेत्र के वार्डों का सप्ताह में तीन बार दौरा करना होगा। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव द्वारा प्रदेश के सभी नगरीय निकायों के कार्यों की समीक्षा के बाद विभाग ने विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं। उप मुख्यमंत्री द्वारा समीक्षा बैठक में दिए गए निर्देशों के परिपालन में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के सचिव बसवराजू एस. ने अधिकारियों को बेहतर साफ-सफाई, निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और उन्हें समय-सीमा में पूर्ण करने, अतिक्रमण रोकने, राजस्व वसूली, प्रधानमंत्री आवास निर्माण, पेयजल तथा विद्युत व्यवस्था के संबंध में परिपत्र जारी कर विस्तृत दिशा-निर्देश दिए हैं। उन्होंने निर्देशों का कड़ाई से पालन करते हुए सभी नगरीय निकायों में लोगों को आवश्यक सुविधाएं गुणवत्ता के साथ उपलब्ध कराने को कहा है।

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने नागरिकों को निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तायुक्त सेवा प्रदान करने प्रत्येक सप्ताह तीन दिन, संभवतः हर दूसरे दिन प्रातः किसी एक वार्ड का निरीक्षण कर स्वच्छता, निर्माण कार्य, अतिक्रमण, राजस्व वसूली, पीएम आवास, पेयजल और विद्युत व्यवस्था सुनिश्चित करने आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। विभाग ने नगरीय निकाय के हर वार्ड के लिए आवश्यकतानुसार नोडल अधिकारी तथा सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त कर सफाई के लिए कार्ययोजना तैयार करने को कहा है। सड़कों तथा नालियों की नियमित सफाई के साथ ही गारबेज वल्नरेबल पॉइंट्स को चिन्हांकित कर ऐसे स्थानों पर विशेष सफाई की व्यवस्था के भी निर्देश दिए हैं।

शत-प्रतिशत हो डोर-टू-डोर गारबेज कलेक्शन

नगरीय प्रशासन विभाग ने अधिकारियों को शत-प्रतिशत डोर-टू-डोर गारबेज कलेक्शन और सोर्स सेग्रीगेशन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। निकाय में एकत्रित कचरे का निपटान वैज्ञानिक रीति से ही करने तथा खुले में कचरे का परिवहन एवं कचरा जलाने पर सख्त कार्यवाही करने के लिए कहा गया है। शहर के चौक-चौराहों, बाजारों एवं अन्य सार्वजनिक स्थानों पर विशेष सफाई की व्यवस्था के लिए भी निर्देशित किया गया है। वेस्ट प्रोसेसिंग प्लांट एवं एसएलआरएम सेंटर का हर महीने निरीक्षण कर ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों के अनुसार सुनिश्चित करने के भी निर्देश अधिकारियों को दिए गए हैं।




### कार्यों की प्रगति की नियमित समीक्षा हो

विभाग ने सभी नगरीय निकायों में निर्माण कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराने इनके निरीक्षण और प्रगति की नियमित समीक्षा करने को कहा है। निर्माण सामग्री एवं निर्माण कार्यों की गुणवत्ता के परीक्षण के लिए निकाय में कार्यरत अनुभवी तकनीकी अधिकारियों का गुणवत्ता प्रकोष्ठ गठित कर विभागीय चलित प्रयोगशाला के माध्यम से गुणवत्ता की जांच करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए गए हैं। विभागीय सचिव बसवराजू एस ने अधिकारियों को निर्माण कार्यों में तेजी लाने हर निर्माण कार्य के लिए एक्शन प्लान तैयार करने को कहा है। उन्होंने एक्शन प्लान के अनुसार समय-सीमा में और गुणवत्तापूर्ण कार्य नहीं करने वाले ठेकेदारों के खिलाफ अनुबंध के प्रावधानों के अनुसार दंडात्मक कार्यवाही करने को कहा है। उन्होंने शहर में भविष्य की जरूरतों को दृष्टिगत रखते हुए निर्माण कार्यों की योजना बनाने और निर्माण कार्य के दौरान सभी जरूरी सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए हैं।

### पीएम आवास योजना के लिए जल्द बनाए प्रस्ताव

नगरीय प्रशासन विभाग ने आयुक्तों और मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए सर्वेक्षण कराकर शेष हितग्राहियों के लिए आवास स्वीकृत करने प्रस्ताव शीघ्रातिशीघ्र तैयार करने को कहा है। योजना के अंतर्गत स्वीकृत सभी कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखते हुए पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना के कार्यों की प्रगति की हर सप्ताह समीक्षा करने के भी निर्देश अधिकारियों को दिए गए हैं। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के सचिव बसवराजू एस. ने नगरीय निकायों में पेयजल एवं विद्युत व्यवस्था सुनिश्चित करने वार्डवार नोडल अधिकारी नियुक्त कर इनसे संबंधित समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए नोडल अधिकारी का मोबाइल नंबर सार्वजनिक स्थानों पर प्रदर्शित करने को कहा है। उन्होंने पेयजल की गुणवत्ता की नियमित जांच एवं समीक्षा करने के भी निर्देश दिए हैं। उन्होंने प्रत्येक घर में नल से जल पहुंचाना सुनिश्चित करने के साथ ही निदान 1100 एवं अन्य माध्यमों से पेयजल और विद्युत व्यवस्था संबंधी प्राप्त शिकायतों के निराकरण की निरंतर समीक्षा के भी निर्देश अधिकारियों को दिए हैं।

### शहरों में अतिक्रमण को रोकने कड़ी कार्रवाई हो

नगरीय प्रशासन विभाग ने शहरों में अतिक्रमण को रोकने नगर निगमों के आयुक्त तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को अतिक्रमण करने वालों पर कड़ी एवं निरंतर कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। विभाग ने एक ही वार्ड या जोन में लंबे समय से कार्यरत राजस्व अमले को दूसरे वार्ड का प्रभार देने एवं आवश्यकतानुसार नियमित रूप से राजस्व कर्मचारियों के प्रभार बदलने के भी निर्देश दिए हैं। अतिक्रमण रोकने एवं बेदखली की कार्रवाई की नियमित समीक्षा के भी निर्देश दिए गए हैं। विभाग ने राजस्व वसूली के लिए निकाय की सभी संपत्तियों और भूखंडों पर करारोपण सुनिश्चित करने प्रत्येक वार्ड में सघन सर्वेक्षण के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। शत-प्रतिशत कर वसूली के लिए वार्डवार राजस्व कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने तथा माहवार टारगेट निर्धारित कर वसूली की समीक्षा करने को कहा गया है। संपत्ति कर की वसूली के लिए वार्डवार विशेष कैम्पों के आयोजन के साथ ही नवनिर्मित कॉलोनियों एवं व्यावसायिक परिसरों में भी विशेष कैम्प लगाकर वसूली के निर्देश दिए गए हैं।

## खास खबर...

### प्रशिक्षण अधिकारी, छात्रावास अधीक्षक और छात्रावास अधीक्षिका की भर्ती के लिए पंचम चरण का दस्तावेज सत्यापन 21 से 23 फरवरी तक

**रायपुर।** राज्य की शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं में प्रशिक्षण अधिकारियों, छात्रावास अधीक्षक और छात्रावास अधीक्षिका की भर्ती के लिए पंचम चरण का दस्तावेज सत्यापन 21 फरवरी से 23 फरवरी 2024 तक शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय सेजबहार रायपुर में दस्तावेज का सत्यापन किया जाएगा।

संचालक रोजगार एवं प्रशिक्षण से प्राप्त जानकारी के अनुसार 21 फरवरी को प्रशिक्षण अधिकारी के वर्कशॉप कैल्कुलेशन एवं साइंस एंड इंजीनियरिंग ड्राइंग, मैकेनिक डीजल एवं इलेक्ट्रिशियन ट्रेड के लिए दस्तावेज सत्यापन होगा। इसी प्रकार 22 फरवरी को प्रशिक्षण अधिकारी के कम्प्यूटर ऑपरेटर एण्ड प्रोग्रामिंग असिस्टेंट, फिटर, कारपेंटर, टर्नर, ड्राईवर कम मैकेनिक, मशीनिष्ट, मैकेनिक ट्रैक्टर, मैकेनिक मोटर व्हीकल एवं मैकेनिक रेफ्रिजरेशन एंड एयरकंडीशनर ट्रेड के लिए दस्तावेज का सत्यापन किया जाएगा। 23 फरवरी को प्रशिक्षण अधिकारी के वेल्डर, शीट मेटल वर्कर, सेक्रेटेरियल प्रैक्टिस (अंग्रेजी), हॉस्पिटल हाउस कीपिंग, सिविंग टेक्नोलॉजी, एम्प्लॉयबिलिटी स्किल ट्रेड एवं छात्रावास अधीक्षक तथा छात्रावास अधीक्षिका के अभ्यर्थियों को दस्तावेज सत्यापन के लिए आमंत्रित किया गया है।

रोजगार एवं प्रशिक्षण अधिकारी ने बताया कि अभ्यर्थीगण दस्तावेज सत्यापन के बाद अगले दिन दोपहर 12 बजे तक दस्तावेज सत्यापन स्थल पर पंजीयन प्रभारी के पास अपना दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। इस चरण हेतु रिक्त/संभावित रिक्त पदों के विरुद्ध लगभग तीन गुना अभ्यर्थियों को दस्तावेज सत्यापन हेतु बुलाया जा रहा है। मात्र दस्तावेज सत्यापन हेतु बुलाये जाने के आधार पर चयन हेतु किसी अभ्यर्थी का कोई दावा नहीं होगा। अभ्यर्थी उक्त चरण के दस्तावेज सत्यापन हेतु अपने अध्यापकीय अनुभव के दौरान प्राप्त किए गए वेतन के बैंक द्वारा सत्यापित स्टेटमेंट सहित अपने समस्त दस्तावेज तैयार रखें। इस चरण हेतु दस्तावेज सत्यापन में बुलाये जाने वाले विभिन्न व्यवसायों के अभ्यर्थियों के कटऑफ व्यापम द्वारा जारी मेरिट के आधार पर पृथक से जारी किये जा रहे हैं।

# आचार्य विद्यासागर महाराज का देश व समाज के लिए योगदान युगों-युगों तक स्मरण किया जाएगा: मुख्यमंत्री विष्णु देव साय

### मुख्यमंत्री ने राष्ट्र संत आचार्य विद्यासागर महा मुनिराज के ब्रम्हलीन पर उन्हें नमन किया

### छत्तीसगढ़ में आधे दिन का राजकीय शोक घोषित

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राष्ट्र संत आचार्य विद्यासागर महा मुनिराज के ब्रम्हलीन होने पर उन्हें नमन किया है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज का देश व समाज के लिए योगदान युगों-युगों तक स्मरण किया जाएगा।

उन्होंने कहा है कि विश्व वंदनीय, राष्ट्र संत आचार्य श्री विद्यासागर महामुनिराज जी के डोंगरगढ़ स्थित चंद्रगिरी तीर्थ में सल्लेखना पूर्वक समाधि का समाचार प्राप्त हुआ। छत्तीसगढ़ सहित देश-दुनिया को अपने ओजस्वी ज्ञान से पल्लवित करने वाले आचार्य श्री विद्यासागर महाराज को देश व समाज के लिए किए गए उल्लेखनीय कार्य,



उनके त्याग और तपस्या के लिए युगों-युगों तक स्मरण किया जाएगा। आध्यात्मिक चेतना के पुंज आचार्य श्री विद्यासागर महाराज के श्रीचरणों में कोटि-कोटि नमन।


राज्य शासन द्वारा वर्तमान के वर्धमान कहे जाने वाले विश्व प्रसिद्ध दिगंबर जैन मुनि संत परंपरा के आचार्य विद्यासागर महाराज जी के सम्मान में छत्तीसगढ़ में आधे दिन का राजकीय शोक घोषित किया गया है। इस दौरान राष्ट्रीय ध्वज आधा झुका रहेगा तथा राजकीय समारोह एवं कार्यक्रम आयोजित नहीं किए गए।

# छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ दुर्ग संभाग अध्यक्ष परमानंद साहू ने अपने कार्यकारिणी का किया विस्तार

### 47 लोगों की हुई नियुक्ति

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ (आईटी प्रकोष्ठ) दुर्ग संभाग ने अपने प्रथम कार्यकारणी का विस्तार किया है। जिसमें साहू समाज के 47 पदाधिकारियों की नियुक्ति संभाग स्तर पर किया गया है। छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के प्रदेश अध्यक्ष टहल सिंह साहू, कसडोल विधायक व अखिल भारतीय तैलिक साहू



महासभा (युवा प्रकोष्ठ) राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप साहू, प्रदेश उपाध्यक्ष भुवनेश्वर साहू, प्रदेश उपाध्यक्षा मोहन कुमारी साहू व आईटी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक द्वारिका साहू के अनुशंसा से दुर्ग संभाग अध्यक्ष परमानंद साहू नें पदाधिकारियों की नियुक्ति की है।

सनीर साहू अध्यक्ष दुर्ग संभाग युवा प्रकोष्ठ ने सभी नवमनोनीत पदाधिकारियों को बधाई व शुभकामनाए और उज्वल भविष्य की कामना की। जारी नियुक्ति आदेश अनुसार 2 कार्यकारी अध्यक्ष, 9 उपाध्यक्ष, 19संगठन सचिव, 11 संयुक्त सचिव व 6 कार्यकारणी सदस्यों की नियुक्ति किया गया है।

इस अवसर पर प्रदेश जिला, तहसील, परिक्षेत्र के पदाधिकारियों ने सभी नवमनोनीत पदाधिकारियों को शुभकामनाएं व बधाई देते हुए आईटी प्रकोष्ठ के माध्यम से समाज की नई दिशा व गति प्रदान की बात कही साथ ही समाज में एक साथ मिलजुलकर भाईचारे के साथ चलने की बात कही।

# आयुष्मान भारत योजना ऑनलाइन होती है संचालित, शिकायत दर्ज कराने के लिए भी विभाग का है टोल फ्री नंबर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** आयुष्मान कार्ड की सुविधाओं का लाभ लेने के लिए हितग्राहियों को भटकना न पड़े, इसके लिए विभाग द्वारा योजना का संचालन आनलाइन पद्धति से किया जा रहा है तथा हितग्राहियों को आनलाइन सुविधाएं प्रदान की जा रही है। इसमें आनलाइन रजिस्ट्रेशन निजी एवं शासकीय अस्पतालों से हो जाता है। योजना का लाभ उठाने में किसी तरह की दिक्कत आ रही हो तो टोल फ्री नंबर पर फोन लगा सकते हैं।

स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि आयुष्मान भारत




योजना के लिए कोई आवेदन नहीं लिया जाता है। निजी एवं शासकीय अस्पताल में आयुष्मान कार्ड के आधार पर ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन किया जाता है और सभी प्रकिया टीएमएस पोर्टल के द्वारा पूरी की जाती है। आयुष्मान कार्ड की समस्या को भी ऑनलाईन प्रकिया के तहत निदान किया जाता है। किसी भी अस्पताल में उपचार के संबंध में शिकायत आती है उसके लिए 104 टोल फ्री नंबर 24X7 कार्य करती है। इसके अलावा 14555 टोल फ्री नंबर पर भी शिकायत दर्ज करने की सुविधा है।

मुख्यमंत्री विशेष स्वास्य् सहायता योजना का आवेदन मुख्यमंत्री निवास कार्यालय के द्वारा अग्रेषित की जाती है, जिसे स्टेट नोडल एजेंसी के द्वारा डीकेबीएसएसवाय पोर्टल पर अपलोड कर सभी प्रकिया ऑनलाईन की जाती है। जिसमें किडनी, लीवर, हार्ट ट्रांसप्लांट जैसे बीमारियों की इलाज की सुविधा शामिल है।

संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें का पूरा विभाग स्वास्थ्य भवन, नवा रायपुर के सेक्टर-19 में एक ही जगह पर संचालित हो रहा है। स्टेट नोडल एजेंसी के कार्य को बेहतर कियान्वयन हेतु भी स्वास्थ्य भवन में स्थानांतरित किया गया है ताकि मॉनिटरिंग एवं सुपरविजन किया जा सके। मरीजों के आवेदन पर कम से कम समय पर सभी ऑनलाईन प्रकिया पूर्ण की जा सके, इसकी सतत मॉनिटरिंग की जा रही है।

# देश के पुराविदों ने छत्तीसगढ़ के ऐतिहासिक और पुरातात्विक धरोहरों पर दिया व्याख्यान

'छत्तीसगढ़ का इतिहास-राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य' पर राष्ट्रीय संगोष्ठी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** संस्कृति विभाग अंतर्गत संचालनालय पुरातत्त्व, अभिलेखागार एवं संग्रहालय द्वारा 'छत्तीसगढ़ का इतिहास-राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य' पर आयोजित राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी के दूसरे दिन आज महंत घासीदास स्मारक संग्रहालय रायपुर में तीन अकादमिक सत्रों का आयोजन हुआ। संगोष्ठी में देश के इतिहासकारों और पुराविदों ने छत्तीसगढ़ के ऐतिहासिक और पुरातात्विक धरोहरों पर विस्तारपूर्वक व्याख्यान दिया।

संगोष्ठी में बिलासपुर की डॉ. अलका यादव ने रायपुर के कंकाली मठ में नागा साधुओं की परंपरा, तीजराम पाल ने ठाकुर देव विवाह पर और कोंडागांव के घनश्याम नाग ने बड़े डोंगर के




लिमऊ राजा पर शोध पत्र पढ़े। राहुल कुमार सिंह ने शुक और मृतक स्मारकों का वृहत्तर परिप्रेक्ष्य और प्रोफेसर आरएन विश्वकर्मा ने भारतीय कला को छत्तीसगढ़ की देन पर व्याख्यान प्रस्तुत किया।

संगोष्ठी में रायपुर की डॉ. अनामिका शर्मा ने भारतीय राजनीति में जनजातीय महिलाओं की भूमिका, सरगुजा के अजय चतुर्वेदी ने भारतीय स्वतंत्रता में सरगुजा के सेनानियों, दंतेवाड़ा के ओम प्रकाश सोनी ने भारतीय लोक पर्वों में फागुन मड़ई का ऐतिहासिक और सांस्कृतिक अध्ययन, महासमुंद जिले के डॉ. विजय शर्मा ने जनजागरण पर शोध लेख पढ़ा। वहीं रायपुर के डॉ. के.के. अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ में राजनीतिक चेतना के विकास तथा ओडिसा के डॉ. महेंद्र कुमार मिश्र ने छत्तीसगढ़ और ओडिशा के सांस्कृतिक संबंध के प्रतीक जगन्नाथ पर व्याख्यान प्रस्तुत किया।

संगोष्ठी में मध्यप्रदेश के पुरात्वेत्ता डॉ. कामता प्रसाद वर्मा ने सरगुजा क्षेत्र में त्रिपुरी कलचूरी स्थापत्य कला, अमरकंटक के डॉ. देवेंद्र कुमार सिंह और प्रिया शर्मा ने कोरबा जिले के कोटेसर नगोई मंदिर के भग्नावशेष और शिल्प, डॉ. भेनू ने बस्तर के शैल चित्रों में छायावाद पर अपना शोध प्रस्तुत किया। रायपुर के डॉ. दिनेश नंदिनी परिहार ने छत्तीसगढ़ के प्राचीन पथ प्रणाली के राष्ट्रीय महत्व पर और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण नई दिल्ली के निदेशक डॉ. प्रवीण कुमार मिश्रा ने व्याख्यान दिया और शोधार्थियों का मार्गदर्शन किया। संगोष्ठी में देश के विभिन्न राज्यों के इतिहासकार एवं पुराविद् तथा शोधार्थी उपस्थित थे।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243





















# ज्यादा मीठा खाएंगे तो जल्दी बूढ़े हो जाएंगे आप, इतना नुकसान पहुंचाती है चीनी

मीठा खाना भले ही अच्छा लगता हो लेकिन आगे चलकर यही हमारे शरीर को कई बीमारियां दे सकता है। इसे खाने से कम उम्र में ही कई सारी परेशानियां आपके शरीर पर अटैक कर सकती हैं। यह न सिर्फ सेहत को नुकसान पहुंचाता है बल्कि समय से पहले बूढ़ा भी बना सकता है। प्रोसेस्ड और रिफाइंड चीनी त्वचा का बुरी तरह नुकसान पहुंचाती है। ऐसे में अगर आप मीठा खाने के शौकीन है और चीनी का ज्यादा इस्तेमाल करते हैं तो इस आदत को तुरंत बदल लें, वरना जल्दी ही आपका बुढ़ापा आ जाएगा। जानिए आपकी सेहत पर चीनी किस तरह असर डालती है।



### चीनी खाने के नुकसान

#### एक्ने की समस्या

ज्यादा चीनी खाना त्वचा पर मुंहासे बढ़ाता है। ऐसा इसलिए क्योंकि शरीर का शुगर लेवल बढ़ने से उसमें इन्फ्लेमेशन बढ़ जाती है। जिसकी वजह से स्किन पर पिंपल्स, ब्लैकहेड्स और व्हाइटहेड्स जैसी समस्याएं हो सकती है। इनकी वजह से आप बूढ़े दिखने लग सकते हैं।

#### झुर्रियां बिगाड़ेंगी त्वचा की खूबसूरती

रिफाइंड शुगर शरीर में ग्लाइसेशन को बढ़ाने का काम करती है। ऐसे में चीनी के अणु स्किन में कोलेजन और इलास्टिन फाइबर से जुड़ जाते हैं, जिसकी वजह से त्वचा इलास्टिन लूज करनेलगती है। इस वजह से स्किन पर रिंकल्स पैदा होने लगते हैं। इसका असर त्वचा की उम्र पर पड़ता है और आप समय से पहले ही बूढ़े नजर आ सकते हैं।

#### ऑयली स्किन की समस्या

हम सभी के शरीर में नेचुरल ऑयल पाया जाता है, जिसे सीबम कहते हैं। इसका काम स्किन को मॉइस्चराइज करना होता है। जब हम ज्यादा मीठा खाते हैं तो शरीर में सीबम का उत्पादन तेजी से बढ़ जाता है और स्कि से ज्यादा ऑयल निकलने लगती है। इसकी वजह से एक्ने और पिंपल जैसी समस्याएं हो जाती है जो आपमें जल्दी बुढ़ापा लाती हैं।

#### इन्फ्लेमेशन बढ़ना

चीनी ज्यादा खाने से शरीर में इंफ्लेमेशन रिस्पांस ट्रिगर होता है। इससे त्वचा में सूजन होने लगती है। इस कारण हमारी त्वचा में सोरायसिस और एक्जिमा जैसी बीमारियों का खतरा काफी ज्यादा बढ़ जाता है। स्किन में हुई इंफ्लेमेशन त्वचा से जुड़ी कई और समस्याएं भी पैदा कर सकती है। जिससे आपकी उम्र ज्यादा लगने लगेगी।

# अंजलि अरोड़ा ने पिंक ब्रालेट पहन दिए पोज, एक्ट्रेस की हॉटनेस ने बढ़ाया सोशल मीडिया का तापमान

बॉलीवुड एक्ट्रेस कंगना रनोट के ओटीटी शो लॉकअप से अपनी खास पहचान बनाने वाली अंजलि अरोड़ा बेबाक खूबसूरती के लिए काफी जानी जाती हैं। सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहने वालीं अंजलि की कुछ लेटेस्ट तस्वीरें सामने आई हैं जिनमें वह अपनी हॉटनेस से तबाही मचा रही हैं। इंटरनेट पर अंजलि की ये फोटो अब आग की तरह वायरल हो रही हैं।

सोशल मीडिया क्वीन अंजलि अरोड़ा अपने कातिलाना हुस्न के लिए काफी जानी जाती हैं। बी टाउन एक्ट्रेस कंगना रनोट के ओटीटी शो लॉकअप से फैंस के दिलों पर राज करने वालीं अंजलि हर किसी की फेवरेट बन चुकी हैं।

इस बीच अंजलि अरोड़ा की लेटेस्ट फोटो सामने आई हैं, जिनमें वह अपने स्टनिंग लुक के कहर बरपाती हुई दिखाई दे रही हैं। आलम ये है कि अंजलि की ये फोटो इस समय इंटरनेट पर आग लगा रही हैं।

सोशल मीडिया पर डांस रील्स वीडियो के जरिए फैंस का मनोरंजन करने वाली अंजलि अरोड़ा इस समय इंडिया की टॉप सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर में शुमार हैं। जिसका अंदाजा आप उनके 13.1 मिलियन फॉलोअर्स के जरिए आसानी से लगा सकते हैं। इस बीच अंजलि अरोड़ा ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर कुछ लेटेस्ट तस्वीरों को शेयर किया है।

इन फोटो में आप देख सकते हैं कि वह येलो और पिंक कलर के कॉम्बिनेशन वाली बेहद हॉट आउटफीट में नजर आ रही हैं। इन तस्वीरों से उनकी हॉटनेस का अनुमान लगाया जा सकता है। इससे पहले अंजलि अरोड़ा का ऐसा हद से ज्यादा बोल्ड अंदाज देखने को नहीं मिला होगा।

अंजलि अरोड़ा की इन फोटो को देखकर फैंस का मानना हैं कि वह बॉलीवुड एक्ट्रेस दिशा पाटनी को भी बोल्डनेस के मामले पीछे छोड़ रही हैं। मालूम हो कि अंजलि की ये लेटेस्ट तस्वीरें फैंस को काफी पसंद आ रही है, जिसके चलते इंटरनेट पर उनकी ये फोटो जमकर वायरल हो रही हैं। उनके चाहने वाले इन फोटो पर दिल खोल कर लाइक और कमेंट करते दिख रहे हैं।

कुछ समय पहले अंजलि अरोड़ा का नाम वायरल एमएमएस वीडियो को लेकर काफी चर्चा में बना रहा। हाल ही में अंजलि ने इस मामले को लेकर शिकायत भी दर्ज कराई और दोषियों का पर्दाफाश करने के लिए प्रशासन से गुहार लगाई।



# बड़े मियां छोटे मियां का टाइटल ट्रैक का टीजर हुआ रिलीज, स्वैग और स्टाइल दिखाते दिखें अक्षय-टाइगर

सोशल मीडिया इस समय अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ की बड़े मियां छोटे मियां से जुड़ी अपडेट्स से गुलजार है। अली अब्बास जफर की डायरेक्टेड यह फिल्म साल की मोस्ट अवेटेड फिल्मों में से एक है। लुभावने सीन, पोस्टर और टीजर के रिलीज होने के बाद से, फैंस यह देखने के लिए उत्सुक हैं कि बॉलीवुड के दिग्गज अपने गतिशील प्रदर्शन के साथ क्या नया लाएंगे। जहां फैंस फिल्म के टाइटल ट्रैक का इंतजार कर रहे हैं, जो कल आएगा, वहीं मेकर ने इसका टीजर जारी करके उत्साह बढ़ा दिया है।



कुछ समय पहले, बड़े मियां छोटे मियां के मेकर्स ने एक बार फिर इंटरनेट पर हलचल मचा दी है क्योंकि उन्होंने इसके टाइटल ट्रैक का टीज़र जारी किया है। 16 सेकंड की एक वीडियो क्लिप दर्शकों को अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ की एहम जोड़ी की संक्रामक जीवंतता और सहज स्वैग और स्टाइल से परिचित कराती है। इसके अलावा, शानदार लोकेशन पर बड़े पैमाने पर बनाए गए उत्साह की एक छोटी सी झलक भी उनकी भाईचारे की केमिस्ट्री और अद्भुत डांस मूव्स का संकेत देती है। फिल्म का टाइटल 1998 की रिलीज बड़े मियां छोटे मियां से लिया गया है, जिसमें मूल रूप से मेगास्टार अमिताभ बच्चन और गोविंदा ने अभिनय किया था। एक छोटी सी झलक यह वादा करती है कि इस बार, मेकर्स ने गाने और इंडस्ट्री में एक नई शैली के साथ पूरे वाइब को दोहराया है। कुछ दिन पहले ही मेकर्स ने इंस्टाग्राम पर बड़े मियां छोटे मियां के पहले गाने की रिलीज डेट की घोषणा की थी। एक पोस्टर साझा करते हुए, उन्होंने कैप्शन दिया, बड़े का स्वैग, छोटे का स्टाइल, 3 डेज़ टू गो! सबड़ेमियांछोटमियां टाइटल ट्रैक 19 फरवरी को रिलीज होगा। बने रहें!

बॉलीवुड की मोस्ट अवेटेड बड़े मियां छोटे मियां का निर्देशन अली अब्बास जफर ने किया है और इसमें मुख्य जोड़ी अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ कठिन सैन्य किरदारों में हैं, जो भारत की सुरक्षा के लिए खतरा पैदा करने वाले एक खतरनाक खलनायक का सामना करने के लिए तैयार हैं। इसके अलावा, पृथ्वीराज सुकुमारन एक प्रतिपक्षी की भूमिका निभाते हैं, जिसमें मानुषी छिल्लर महिला प्रधान भूमिका निभाती हैं। फिल्म में सोनाक्षी सिन्हा, अलाया एफ और रोनित रॉय भी अहम भूमिकाओं में हैं।

## सिद्धार्थ मल्होत्रा की फिल्म योद्धा का नया पोस्टर आया, दिखा जोश से भरा एक्शन अवतार

सिद्धार्थ मल्होत्रा की आने वाली फिल्म 'योद्धा' का फैंस को बेसब्री से इंतजार है। फिल्म तो मार्च में रिलीज होगी लेकिन फिलहाल फैंस के लिए हाजिर है फिल्म का नया दमदार पोस्टर। आपको उत्साहित करने के लिए यह पोस्टर काफी है। इसमें लीड एक्टर सिद्धार्थ मल्होत्रा का एक्शन अंदाज कुछ हटकर और आक्रमक नजर आ रहा है। अगर आप सिद्धार्थ के फैन हैं, तो इसे देखने के बाद आप जरूर टीजर का इंतजार करेंगे!

रोहित शेट्टी की 'इंडियन पुलिस फोर्स' के बाद अब सिद्धार्थ 'योद्धा' से दर्शकों का मनोरंजन करने वाले हैं। इस फिल्म की खासियत यह है कि सिद्धार्थ इसमें जबर्दस्त एक्शन सीन्स करते नजर आने वाले हैं। फिल्म के नए रिलीज किए गए पोस्टर में सिद्धार्थ का एक्शन मोड साफ नजर आ रहा है। सिड के नए अवतार को दिखाने वाले इस पोस्टर के बाद कल फिल्म का टीजर रिलीज किया जाएगा। इस फिल्म में सिद्धार्थ के अलावा दिशा पटानी और राशि खन्ना भी नजर आएंगी। इसका निर्देशन सागर और पुष्कर ओझा मिलकर कर रहे हैं।

सिद्धार्थ ने खुद भी इस नए पोस्टर को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से पोस्ट किया है।

## फरहान अख्तर की अगली फिल्म डब्बा कार्टेल में नजर आएंगी अंजलि आनंद



रॉकी और रानी की प्रेम कहानी में काम कर चुकीं अभिनेत्री अंजलि आनंद नेटफ्लिक्स के लिए फरहान अख्तर की अगली फिल्म डब्बा कार्टेल में नजर आएंगी। अंजलि वेब शो डब्बा कार्टेल के कलाकारों में शामिल हो गई हैं। शो का निर्माण फरहान और रितेश सिधवानी की कंपनी एक्सेल एंटरटेनमेंट द्वारा किया जाएगा। अभिनेता गजराज राव के साथ दिग्गज अभिनेत्री शबाना आजमी भी इस शो का हिस्सा हैं।

यह रॉकी और रानी की प्रेम कहानी और बन टिक्की के बाद शबाना आजमी के साथ अंजलि का तीसरा प्रोजेक्ट होगा। फिलहाल शो के बारे में ज्यादा कुछ पता नहीं है लेकिन शूटिंग पूरी हो चुकी है। अंजलि और अन्य कलाकार गुप्त रूप से एक हाई-स्टेक कार्टेल का संचालन करने वाली गृहिणियों की भूमिका निभाएंगे। डब्बा कार्टेल नेटफ्लिक्स पर रिलीज एक महिला प्रधान अपराध ड्रामा है। कहानी को एक ताजा और संवेदनशील अवधारणा के रूप में संदर्भित किया जा रहा है, और यह एक वेब शो से बाहर आने वाली एक और सीमा तोड़ने वाली परियोजना है।

# हेयर फॉल की असली वजह जाननी है तो कराएं 7 टेस्ट, तुरंत मिल जाएगा इलाज

खराब लाइफस्टाइल की वजह से पुरुष हो या महिला दोनों के बाल तेजी से गिर रहे हैं। हेल्थ प्रॉब्लम, तनाव, खानपान और देखभाल की कमी से हेयर फॉल की समस्या बढ़ रही है। ऐसे में एक्सपर्ट्स का मानना है कि अगर किसी के बाल काफी तेजी से झड़ रहे हैं और उन्हें रोकने की हर तरकीब फेल हो गई है तो तुरंत ब्लड टेस्ट करवाना चाहिए। इसके आधार पर हेयर फॉल का सही इलाज ढूंढा जा सकता है। हेयर फॉल की असली वजह जानना में 7 टेस्ट आपकी मदद कर सकते हैं।

#### हेयर फॉल का कारण


- आनुवंशिकी या हार्मोन की वजह से।
- तनाव, एंग्जाइटी या ट्रॉमा।
- ऑटो इम्युनिटी के कारण।
- महिला की कीमोथेरेपी के बाद।

#### थायरॉइड लेवल

अंडरएक्टिव थायरॉयड के चलते हाइपोथायरायडिज्म और ज्यादा एक्टिव थायरॉयड के कारण हाइपरथायरायडिज्म हो जाता है। अगर समय पर इसका इलाज न किया जाए तो हेयर फॉल हो सकता है। थायरॉइड TSH, $FT_3$ और $FT_4$ हार्मोन के उत्पादन के लिए जिम्मेदार है। ऐसे में ब्लड टेस्ट से पता चलता है कि हर हार्मोन का कितना उत्पादन हो रहा है और थॉयराइड कम एक्टिव या ज्यादा एक्टिव है।

#### सेक्स हार्मोन

सेक्स हॉर्मोन बालों के विकास के लिए बेहद जरूरी हैं। महिलाओं में टेस्टोस्टेरोन का उत्पादन होता है, जो डीएचटी में मेटाबोलाइज होकर बालों के रोम में एण्ड्रोजन रिसेप्टर्स को बांध देता है। इससे वे सिकुड़कर बाल पैदा करने बंद कर देते हैं। ब्लड टेस्ट से सेक्स हार्मोन के लेवल का पता चलता है। इसमें टेस्टोस्टेरोन, ऑस्ट्राडियोल, एन्ड्रोस्टेनडायोन, प्रोलैक्टिन और एफएसएच ल्यूटिन हार्मोन होते हैं। हार्मोन का स्तर पॉलीसिस्टिक ओवरी सिंड्रोम जैसी कंडीशन का संकेत भी दे सकता है, जिसे आमतौर पर बाल झड़ने का कारण माना जाता है।



#### आयरन और फेरिटिन लेवल

आयरन की कमी यानी एनीमियाकी वजह से भी हेयर फॉल की समस्या हो सकती है। कई अध्ययन में बताया गया है कि सीरम फेरिटिन ब्लड प्रोटीन है, जिसमें आयरन पाया जाता है। इसका लेवल हेल्दी बालों वाली महिलाओं की तुलना में हेयर फॉल वाली महिलाओं में कम होता है। जब आयरन की कमी होती है तो एलोपेसिया एरियाटा तेजी से विकसित हो सकता है। ऐसे में टेस्ट से ब्लड में आयरन और फेरिटिन लेवल से हेयर फॉल का पता चल सकता है।

#### होल ब्लड काउंट

होल ब्लड काउंट या सीबीसी रेड ब्लड सेल्स, वाइट ब्लड सेल्स और प्लेटलेट्स की माप करते हैं। ये बालों के रोम के आसपास सूजन के संकेत दे सकते हैं। इससे ऑटोइम्यून स्थिति का संकेत भी मिल सकता है, जो हेयर फॉल का कारण बनते हैं।

#### विटामिन डी लेवल

विटामिन डी की कमी से ऑटो इम्यूनिटी की समस्या हो सकती है। यही कारण है कि ये एलोपेसिया एरीटा जैसी ऑटोइम्यून बालों के झड़ने की स्थिति की वजह भी बन सकती है। हार्वर्ड हेल्थ के रिसर्च के मुताबिक, विटामिन डी की कमी बालों के झड़ने का कारण हो सकता है।

#### विटामिन बी लेवल

विटामिन बी में कई अलग-अलग विटामिन पाए जाते हैं। इनमें से कई हेयर फॉल से जोड़े गए हैं। फोलेट यानी विटामिन बी9 फोलेट फोलिक एसिड के तौर पर भी जाना जाता है। वहीं, बायोटिन यानी विटामिन बी7 और विटामिन बी12 की कमी से भी हेयर फॉल हो सकता है।

#### ब्लड शुगर

ब्लड शुगर लेवल से डायबिटीज का पता चल सकता है। टाइप 2 डायबिटीज को हेयर फॉलसे जोड़ा गया है। ऐसे में ब्लड शुगर के टेस्ट से बालों के झड़ने का कारण पता चल सकता है और इसका सही इलाज मिल सकता है।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243


Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है

मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### शिक्षित बेरोजगारों के लिए 24 को रोजगार मेला का आयोजन

**दुर्ग।** कलेक्टर के निर्देश पर जिले के शिक्षित बेरोजगारों के लिए खासकर तकनीकी शिक्षा के बेरोजगारों के लिए 24 फरवरी को जिला स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है।

संजय रुंगटा ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूटस में किया जाएगा । इसमे 15 कंपनियों की लगभग 1000 से अधिक पदों पर नियुक्ति होगी। इस रोजगार मेले में अधिक से अधिक विद्यार्थियों के सेलेक्शन के लिए प्री काउंसलिंग और साक्षात्कार की तैयारी हेतु जिला प्रशासन की पहल पर आई टी आई क्लस्टर वार प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस हेतु 4 क्लस्टर क्रमशः आई. टी. आई. भिलाई, आई. टी. आई. दुर्ग, आई. टी. आई पाटन और धमधा बनाए गए है, जिनमे नजदीकी आई. टी. आई. के विद्यार्थियों को प्रशिक्षण प्रदान किया जाना है। 16 फ़रवरी को आई. टी. में इस सत्र का आयोजन किया गया जिसमें 235 विद्यार्थी उपस्थित रहे । आगामी 20 एव 21 तारीख को क्रमशः आई. टी. आई. दुर्ग और आई. टी. आई. धमधा एवं पाटन में इसका आयोजन किया जाएगा।

### वनभूमि का अधिकार पत्र के बदले रुपए मांगने का आरोप

**कोरबा।** जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में तथा वनांचल क्षेत्रों में बरसों से निवासरत परिवारों को राज्य सरकार ने वन भूमि का अधिकार पत्र दिया है तो वहीं बालको नगर के आसपास ऐसे कुछ मामलों में लोगों ने डिप्टी रेंजर पर रुपए मांगने का आरोप लगाया है। इस मामले के लिखित शिकायत कलेक्टर से की गई है। शुक्रवार को सराईपाली गांव के रहने वाले लोग अपनी शिकायत को लेकर कलेक्टर कार्यालय पहुंचे। जिला कार्यालय पहुंचे लोग बालको नगर वन परिक्षेत्र के नजदीकी गांव के रहने वाले हैं। इन लोगों की शिकायत है कि सरकार ने इन्हें वन अधिकार पत्र तो दे दिया है लेकिन अब वह अपनी ही जमीन को खेती किसानी करने लायक बनाने के चक्कर में अवैध वसूली का शिकार हो रहे हैं।

ग्रामीणों ने बताया कि सड़क के नजदीक उनकी जमीन है। राजस्व का दायरा भी यहां से लगा हुआ है और इसी की आड़ लेकर वन विभाग के डिप्टी रेंजर और बीट गार्ड रुपए की मांग कर रहे है। बताया गया कि इलाके में ईंट-भट्टी से लेकर कई प्रकार के अवैध काम चल रहे हैं। इन पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। और सब उच्च अधिकारियों के सांठगांठ से चलती है।

### नक्सलियों ने की कंपनी कमांडर की कुल्हाड़ी मारकर हत्या

**बीजापुर।** नक्सलियों ने एक बार फिर से बर्बरता करते हुए दरभा कैंप में तैनात सीएएफ कंपनी कमांडर की हत्या कर दी है।

बीजापुर एसपी जितेंद्र यादव ने इस हत्याकांड की पुष्टि की है। बताया जाता हेकि दरभा कैंप में पदस्थ सीएएफ कंपनी के कमांडर हीद हिताउ राम भुआर्य कुदरु की नक्सलियों ने कुल्हाड़ी मारकर हत्या कर दी है। नक्सलियों के इस वारदात के बाद जहां आमजनों में भय व्याप्त हो गया है तो वहीं सीएएफ के साथ ही क्षेत्र में तैनात सुरक्षाकर्मियों में जोरदार आक्रोश देखा जा रहा है। नक्सलियों की इस कायराना हमले में शहीद हुए भुआर्य को पुलिस व सुरक्षाबल के वरिष्ठ अधिकारियों ने अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि श्री भुआर्य की शहादात बेकार नहीं जाएगी और नक्सलियों को इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। ज्ञात हो कि इन दिनों सुरक्षाबल लगातार नक्सलियों की कमर तोड़ने में लगे हुए हैं। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा बलों की आमद-रफ्त बढ़ने से नक्सलियों में जहां खलबली मच गई है तो वहीं उनके पैर भी अब उखड़ने लगे हैं। यही वजह है कि नक्सली अब बौखलाहट में लगातार वारदातों को अंजाम दे रहे हैं।

# प्रदेश की नई औद्योगिक नीति कृषि व वनों पर होगी आधारितः उद्योग मंत्री देवांगन

■ **नई दिल्ली में आयोजित वार्षिक ग्लोबल समिट में शामिल हुए मंत्री लखन लाल देवांगन**


श्रीकंचनपथ न्यूज




**रायपुर।** इंडियन चैंम्बर ऑफ बिजनेस एंड कॉमर्स द्वारा वार्षिक ग्लोबल समिट का आयोजन गत दिवस शनिवार को नई दिल्ली के जनपद रोड स्थित डॉ अंबेडकर ऑडिटोरियम में किया गया। वार्षिक ग्लोबल समिट ग्रामीण इकोनामिक फोरम और भारत सरकार के एमएसएमई मंत्रालय द्वारा आयोजित किया गया था। छत्तीसगढ़ राज्य के वाणिज्य उद्योग और श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन प्रतिनिधि मंडल के साथ उक्त कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि देश के किसानों को यदि हम आत्मनिर्भर बनाएंगे तो निश्चित रूप से हमको कृषि पर आधारित उद्योगों पर फोकस करना होगा। छत्तीसगढ़ राज्य एक कृषि आधारित प्रदेश है इसीलिए इसे धान का कटोरा कहते है। छत्तीसगढ़ राज्य 44 प्रतिशत वनों से पूर्ण है और निश्चित रूप से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को विकसित करने के लिए कृषि एवं वन की प्रमुखता से भागीदारी रहेगी।

मंत्री देवांगन ने कहा की छत्तीसगढ़ राज्य के नई औद्योगिक नीति में निश्चित रूप से कृषि उद्यानिकी एवं वनों पर आधारित उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए नीति रखी जाएगी, जिससे प्रदेश के किसानों को और आदिवासी अंचल में रहने वाले लोगों को इसका सीधा लाभ मिल सके। इससे प्रदेश के कृषि उत्पादन का मूल्य संवर्धन मे वृद्धि हो सकेगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नारायण राणे मंत्री सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम भारत सरकार भी शामिल हुए। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि आने वाला समय डेवलपमेंट का समय है और इसे ध्यान में रखकर नीति बनानी होगी। इंडियन चैंम्बर ऑफ बिजनेस एंड कॉमर्स की यह पहल निश्चित रूप से अहम रोल अदा करेगी।

इस अवसर पर मंत्री लखन लाल देवांगन के साथ अन्य प्रतिनिधि कोरबा नगर निगम के पार्षद नरेंद्र देवांगन, के अलावा प्रफुल्ल तिवारी, नरेंद्र पाटनवार, महाप्रबंधक सीएसआईडीसी ओ.पी बंजारे भी उपस्थित रहे।



### आईटीआई में प्रशिक्षण अधिकारी की भर्ती के संबंध में अभ्यावेदनों पर 21 फरवरी को की जाएगी समीक्षा

**रायपुर।** राज्य की शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं में प्रशिक्षण अधिकारी के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु प्रचलित प्रक्रिया के सम्बन्ध में अभ्यर्थियों द्वारा प्रस्तुत अभ्यावेदनों की समीक्षा किये जाने के संबंध में शासन द्वारा समिति का गठन किया गया है। 09 फरवरी तक संचालनालय रोजगार एवं प्रशिक्षण (प्रशिक्षण पक्ष) में अभ्यावेदन जमा करने वाले आवेदकों में से यदि कोई आवेदक प्रकरण के सम्बन्ध में समिति के समक्ष अपना पक्ष रखना चाहे तो 21 फरवरी को प्रातः 11 बजे संचालनालय तकनीकी शिक्षा, चतुर्थ तल, ब्लॉक-तीन, इंद्रावती भवन, अटल नगर नवा रायपुर में उपस्थित हो सकता है।

# असमाजिक तत्वों ने की भगवान हनुमान की मूर्ति खंडित, मचा बवाल, लोगों में आक्रोश

## पुलिस के खिलाफ नारेबाजी-भजन कीर्तन



श्रीकंचनपथ न्यूज

**जांजगीर चांपा।** छत्तीसगढ़ के जांजगीर चांपा से बड़ी खबर है। जिला के नवागढ़ थाना इलाके के खैरताल कटौद गांव में असमाजिक तत्वों ने भगवान हनुमान की मूर्ती खंडित कर दी। इसके बाद मामले में बवाल मच गया। इस घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीणों के साथ बजरंग दल और विश्व हिन्दू परिषद कार्यकर्ताओं ने कटौद शिवरीनारायण मार्ग कर चक्का जाम किया। उन्होंने सड़क पर बैठ कर पुलिस के खिलाफनारेबाजी और भजन कीर्तन किया। यह प्रदर्शन 4 घंटे तक चला। उसके बाद जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंचा। उन्होंने प्रदर्शनकारियों को समझाइश देकर प्रदर्शन खत्म कराया। जिला प्रशासन ने प्रदर्शनकारियों को एक सप्ताह के भीतर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

गौरतलब है कि, जिले के नवागढ़ थाना इलाके के खैरताल कटौद मार्ग पर उस वक्त तनाव की स्थिति निर्मित हो गई जब ग्रामीण तालाब किनारे से निकले। उन्हें तालाब किनारे स्थित स्थान पर भगवान हनुमान की मूर्ति नहीं मिली। इसके बाद गांववालों ने मूर्ति को आसपास तलाशना शुरू किया। कुछ दूर जाकर उन्होंने देखा कि मूर्ति एक खेत में पड़ी थी। वहीं, कुछ शराब की बोतलों के टुकड़े भी उसी स्थान पर दिखाई दिए। ये सब देख गांववालों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। लेकिन, जब पुलिस ने इस मामले में तुरंत कार्रवाई नहीं की तो ग्रामीण भड़क गए।

इस बीच गांववालों ने हिंदू संगठनों को भी इसकी सूचना दे दी। सूचना मिलते ही सैकड़ों ग्रामीण और कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गए। उन्होंने यहां चक्काजाम शुरू कर दिया। लोगों ने सड़कों के दोनों तरफ बैठकर पुलिस के खिलाफ नारेबाजी की। उसके साथ-साथ भजन कीर्तन करना शुरू कर दिया। उनके इस प्रदर्शन से सड़क से गाड़ियों और लोगों का निकलना बंद हो गया। ये सब देख किसी ने जिले के आला अधिकारियों की इसकी सूचना दे दी। सूचना मिलते ही अधिकारी मौके पर पहुंचे और लोगों को समझाना शुरू किया।

### हिंदू संगठनों ने कही ये बात

बजरंग दल के आकाश साहू और वीएचपी, नवागढ़ के संयोजक राजा कश्यप ने कहा कि हम भगवानों का अपमान नहीं सहेंगे। 8 फरवरी को भी इसी हनुमान प्रतिमा को असामाजिक तत्वों ने खंडित की थी। इस मामले में भी पुलिस ने एफआईआर दर्ज की थी, लेकिन कार्रवाई नहीं की थी। वहीं, जांजगीर एसडीओपी विजय पैकरा ने कहा कि हम दोषियों को जल्द पकड़ेंगे।

# हाई और हायर सेकेण्डरी स्कूल परीक्षा परिणाम 95 प्रतिशत से अधिक लाने पर जोर दें - कलेक्टर

■ **कक्षा पहली से 12वीं तक सभी स्कूली बच्चों का जाति प्रमाण पत्र बनाएं**

श्रीकंचनपथ न्यूज



**महासमुंद।** कलेक्टर प्रभात मलिक ने जिला कार्यालय के सभा कक्ष में शिक्षा विभाग की विशेष समीक्षा बैठक ली।

बैठक में कलेक्टर प्रभात मलिक ने जिला मिशन समन्वयक कमल नारायण चंद्राकर, सहायक संचालक,सतीश नायर एवं सभी विकासखंड के बीआरसी को निर्देशित करते हुए कहा कि जिले में कक्षा दसवीं और कक्षा 12वीं का वार्षिक परीक्षा परिणाम 90त्न और 95त्न से अधिक आना चाहिए। इसके लिए बच्चों और पालकों को मोटिवेट किया जाए। शिक्षक अतिरिक्त कक्षा लगाकर ब्लूप्रिंट के अनुसार प्रश्न बैंक से तैयारी कराए। उन्होंने कहा कि कक्षा पहली से लेकर कक्षा 12वीं तक के सभी पात्र बच्चों का जाति प्रमाण पत्र समय सीमा में बन जाए ऐसा प्रयास करें। ताकि बच्चों को उच्च कक्षा में जाति प्रमाण पत्र के कारण दिक्कत का सामना करना ना पड़े। सभी स्कूलों के सभी अध्यापन कक्ष में विद्युत, पंखा अनिवार्य लगे होने चाहिए। सभी स्कूलों में बालक, बालिका शौचालय पृथक पृथक होने चाहिए नहीं है तो शीघ्र मांग किया जाए। बच्चों के पेयजल के लिए रनिंग वाटर की व्यवस्था होनी चाहिए। जहां नहीं है सूची उपलब्ध कराया जाए। सभी शिक्षक समय में स्कूल आए और अध्यापन कार्य कराए। जहां-जहां अध्यापन कक्ष की आवश्यकता हो तो अतिरिक्त कक्ष की मांग किया जाए। जितने भी निर्माण कार्य चल रहे हैं उनका निरंतर मॉनिटरिंग किया जाए और शीघ्र पूर्ण करने के लिए निर्माण एजेंसी को निर्देशित किया जाए। इस अवसर पर बीआरसीसी महासमुंद जागेश्वर सिन्हा, बागबाहरा केवल टंडन, पिथौरा गणेश राम कनहेर, बसना ललित देवता, सरायपाली सतीश स्वरूप पटेल उपस्थित थे।

# बालको ने राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह पर चलाया जागरूकता अभियान

श्रीकंचनप थ न्यूज




**बालकोनगर।** वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने 'सड़क सुरक्षा हीरो बनें' थीम पर महीने भर का अभियान आयोजित करके 35वीं राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह मनाया। अभियान का उद्देश्य संयंत्र और समुदाय के लोगों के बीच सड़क सुरक्षा जागरूकता को बढ़ावा देना है, जिससे सभी सड़क उपयोगकर्ताओं के लिए एक सुरक्षित वातावरण तैयार हो सके। 15 जनवरी से 14 फरवरी के बीच चले अभियान में लगभग 8000 व्यक्तियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। सभी प्रतिभागियों को जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से सड़क सुरक्षा के चैंपियन के रूप में अपनी भूमिका निभाने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

बालको ने कर्मचारियों, उनके परिवारों और व्यावसायिक भागीदारों के बीच सुरक्षित ड्राइविंग और सड़क सुरक्षा के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए क्विज़, रैली, ड्राइंग और स्लोगन प्रतियोगिता सहित विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया। कंपनी ने सड़क सुरक्षा उपायों के महत्व को बताने के लिए जागरूकतापूर्ण नाटक और आपातकालीन अभ्यास का भी अभियान चलाया। व्यक्तियों के बीच सुरक्षित व्यवहार को प्रोत्साहित करने के लिए सर्वोत्तम पार्किंग और सुरक्षित ड्राइविंग जैसे विषयों पर प्रतियोगिता आयोजित की गईं। संयंत्र के साथ कंपनी ने छात्रों के बीच जागरूकता और जिम्मेदारी की संस्कृति को बढ़ावा देते हुए आसपास के स्कूलों में ज्ञानवर्धक सुरक्षा वार्ता और प्रश्नोत्तरी आयोजित किया गया।

बालको ने अपने संयंत्र में रॉ मटेरियल और फिनिश्ड प्रोडक्ट के परिवहन के लिए भारी वाहनों का संचालन करने वाले 400 से अधिक ड्राइवरों के लिए नेत्र जांच और व्यापक स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया। सड़क सुरक्षा संस्कृति को मजबूत करने के लिए संयंत्र परिसर में औचक वाहन निरीक्षण और संयंत्र के भीतर संभावित ब्लाइंड स्पॉट की पहचान कर उन्हें ठीक किया गया। बालको अपने संयंत्र क्षेत्र में बिना रूकावट यातायात प्रबंधन सुनिश्चित करने के लिए बालको पुलिस के सहयोग से एक हेल्पलाइन नंबर भी लॉन्च किया। 20 सुरक्षा कर्मियों की टीम द्वारा समर्थित यह सुविधा यातायात संबंधी किसी भी चिंता का तुरंत जवाब देगी। कंपनी ने कच्चे और तैयार माल का परिवहन करने वाले 270 से अधिक भारी वाहनों क्षमता के लिए पार्किंग सुविधा स्थापित की।

बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक श्री राजेश कुमार ने कहा कि हमारे संगठन के भीतर और बाहर सुरक्षा की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए हम पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। सड़क सुरक्षा पर हमारे महीने भर चलने वाले अभियान का उद्देश्य सड़क उपयोगकर्ताओं को सड़कों पर सुरक्षित रूप से चलने के लिए व्यापक ज्ञान और व्यावहारिक कौशल के साथ सशक्त बनाना है। सुरक्षा पर निरंतर जागरूकता और शैक्षिक पहल के माध्यम से हम अपने संयंत्र और समुदाय के भीतर एक सुरक्षित वातावरण बनाने के साथ सभी के बीच जिम्मेदारी और सम्मान की संस्कृति पैदा करने का प्रयास करने के लिए कटिबद्ध हैं।

मजबूत सुरक्षा संस्कृति के निर्माण की दिशा में कंपनी ने अपने प्रचालन क्षेत्र में कई अत्याधुनिक तकनीकों को शामिल किया है। एचएसएसई ने टी-पल्स निगरानी प्रणाली अपनाना जो सबसे व्यापक एआई मॉडल का उपयोग करके कैमरों के नेटवर्क के माध्यम से वास्तविक समय में संयंत्र के अंदर चल रही गतिविधि पर नज़र रखता है। ऑगमेंटेड एंड वर्चुअल रिएलिटी आधारित प्रशिक्षण केंद्र, वीडियो एनालिटिक्स, सस्टेनेबेलिटी मोबाइल ऐप और ई-लर्निंग पाठ्यक्रम जैसे डिजिटलीकरण के माध्यम से कर्मचारियों को सुरक्षा संस्कृति से जोड़ा गया है। बालको अत्याधुनिक सेंट्रलाइज्ड सिक्योरिटी ऑपरेशंस सेंटर (सीएसओसी) की मदद से यातायात एवं सड़क सुरक्षा और आपूर्ति श्रृंखला सहित विभिन्न सुरक्षा कार्यों में बेहतर निर्णय लेने के लिए डिजिटल इंटेलिजेंस और डेटा अंतर्दृष्टि का लाभ उठा रहा है। रियल टाइम डेटा की निगरानी, हॉट स्पॉट डिटेक्शन सिस्टम जैसी परियोजनाओं सहित एंड-टू-एंड डिजिटल डैशबोर्ड की सुविधा और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए थर्मल निरीक्षण का उपयोग करना शामिल है। शॉप फ्लोर में भारी वाहनों के सुरक्षित आवागमन को सुनिश्चित करने के लिए एलईडी लोगो प्रोजेक्टर का प्रयोग हो रहा है। सड़क सुरक्षा को बढ़ाने के लिए आंतरिक वाहन संचालन में अत्याधुनिक एआई तकनीक एडवांस ड्राइवर असिस्टेंस सिस्टम (एडीएएस) और ड्राइवर मॉनिटरिंग सिस्टम (डीएमएस) को लागू किया गया है।

कंपनी ने रक्षात्मक ड्राइविंग पाठ्यक्रम, अग्नि सुरक्षा सत्र और सुरक्षा प्रोटोकॉल को दोहराने के लिए रेट्रो-रिफ्लेक्टिव साइनबोर्ड तैनात करने सहित कई सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यशालाओं के माध्यम से साल भर कर्मचारियों, उनके परिवारों और स्थानीय समुदाय को जागरूक करती है। सुरक्षा-प्रथम दृष्टिकोण को खूब सराहा गया जिसके लिए बालको को कई प्रतिष्ठित पुरस्कार प्राप्त हुए हैं जिसमें राष्ट्रीय सुरक्षा पुरस्कार (माइन्स), 5वीं सीआईआई राष्ट्रीय सुरक्षा अभ्यास प्रतियोगिता में प्लेटिनम पुरस्कार और ग्लोबल रोड सेफ्टी अवॉर्ड शामिल हैं।

### राज्य स्तरीय डांस प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

**कोरबा।** जिले के ग्राम धतुरा मे राज्य स्तरीय डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसके मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक प्रेमचंद पटेल व साथ ही विशिष्ट अतिथि जनपद पंचायत पाली सभापति मुकेश जायसवाल, जनपद पंचायत पाली सभापति संतोषी अशोक पाटले, जनपद पंचायत कटघोरा ममता दामोदर राठौर, केसरिया हिंदु युवावाहिनी, जिलाध्यक्ष कोरबा श्रवण यादव, जयवीर हनुमान ट्रांसपोर्ट आशीष अग्रवाल, भाजयुमो जिलामंत्री पंकज धुर्वा, मंडल मंत्री मन्नू राठौर (साईं), वरिष्ठ भाजपा नेता प्यार पटेल, ग्राम धतुरा पूर्व सरपंच बुधवार सिंह नेटी, अमर गाँधी राठौर, एन.के. तिवारी, सानिध्य सुलाँकि आदि उपस्थित रहे।

डांस प्रतियोगिता का प्रथम पुरस्कार हमर छत्तीसगढ़ के धरोहर डांस ग्रुप मड़वारानी 20 हजार रुपए व शील्ड, द्वितीय पुरस्कार बेड बॉय डांस ग्रुप कुसमुंडा 11 हजार रूपए व शील्ड, तृतीय पुरस्कार मुस्कान श्रीवास मूढ़ाली 7 हजार रुपए व शील्ड एवं सांत्वना पुरस्कार 1 हजार रुपए व मैडल 7 टीमों को दिया गया। सभी युवाओं का महत्वपूर्ण सहयोग रहा एवं सरपंच अमृता इंद्रावन सिंह पोर्ते, उपसरपंच बिंदेश्वरी गुड्डू राठौर का अध्यक्षता में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ।

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

ॐ SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

# पीएम आवास योजना का पर्यवेक्षक बताकर ग्रामीणों से ठगी, तीन शातिर चढ़े पुलिस के हत्थे

श्रीकंचनपथ न्यूज

**अंबिकापुर।** छत्तीसगढ़ की सरगुजा पुलिस ने एक ऐसे ठक गिरोह को पकड़ा है जो प्रधानमंत्री आवास योजना के पर्यवेक्षक बनकर भोले भाले ग्रामीणों से ठगी करते हैं। तीनों ठग उत्तर प्रदेश के बलिया के रहने वाले हैं। पिछले एक साल से यह शातिर ठग धनबाद, रांची, गुमला, बोकारो, जशपुर, पत्थलगांव आदि स्थलों पर घूम-धूम कर करीब 150 ग्रामीणों को ठगी का शिकार बना चुके हैं। आरोपियों ने लगभग 30 लाख से अधिक की राशि ठगने की बात बताई है। पुलिस ने तीनों के कब्जे से 2 अपाचे मोटरसाइकिल, 3 मोबाइल, 1 टैबलेट, नगदी 24000 रुपए जब्त किया है।



दरअसल सरगुजा पुलिस को मुखबिर के जरिए तीन संदिग्धों की मोटरसाइकिल पर घूमने की सूचना मिली थी। सूचना के बाद पुलिस ने घेराबंदी की और गंगापुर के पास 2 अपाचे मोटरसाईकल में घूम रहे तीनो संदेहियों को रोककर पूछताछ की। पूछताछ में तीनों ने पहले तो पुलिस को गुमराह करने का प्रयास किया लेकिन कड़ाई से पूछताछ करने पर अपना असली काम बता दिया। तीनों ने बताया कि वे गांवों में जाकर ग्रामीणों से सरकारी अफसर बनकर ठगी करते हैं। पकड़े गए संदेहियों में रोहित तिवारी, कृष्णा कृमार पाण्डेय व गौतम पाण्डेय शामिल हैं। सभी उत्तर प्रदेश के बलिया जिले के हैं।

### बतौली एवं रघुनाथपुर के ग्रामीणों से की ठगी

पुलिस की पूछताछ में आरोपियों ने सरगुजा जिले में बतौली एवं रघुनाथपुर थाना क्षेत्र ग्रामीणों से ठगी करना स्वीकार किया। इस दौरान अपने पास रखे टैबलेट में उसकी फोटो भी दिखाई। उनके पास से ठगी की गई 24000 रुपए नगद राशि एवं उनके बैंक खातों में करीब 60,000 धोखाधड़ी की राशि जमा करना स्वीकार किया है। आरोपियों के विरूद्ध चैकी रघुनाथपुर में प्रार्थी तिलक केरकेट्टा निवासी पहाड़पारा ग्राम कोट ने 25000 रूपए की ठगी की रिपोर्ट पर धारा 420, 34 तथा थाना बतौली की प्रार्थिया केलाजो कुजुर निवासी सुआर पारा बतौली की रिपोर्ट पर धारा 420, 34 तहत अपराध दर्ज कर विधिवत कार्रवाई की गई। यही नहीं आरोपियों के बैंक खातो में जमा राशि के लिए संबंधित बैंक से संपर्क कर फ्रिज करने की कार्रवाई भी की जा रही है। इस कार्रवाई में प्रधान आरक्षक भोजराज पासवान, आरक्षक अनुज जायसवाल, आरक्षक अशोक यादव, जितेश साहू, मनिष सिंह, विकाश सिंह, संजीव चौबे, सुयश पैकरा आदि शामिल रहे।

### पीएम आवास का पर्यवेक्षक बताते थे तीनों

पूछताछ में तीनों शातिर बदमाशों ने बताया कि वे योजनाबद्ध तरीके से ग्रामीण क्षेत्रों में निर्माणाधीन मकान में जाकर पीएम आवास योजना का को पर्यवेक्षण अधिकारी बताते और मकान निर्माण कार्य में अनियमितता एवं देरी से निर्माण का हवाला देते हुए ग्रामीणों को डराते की बाकि किश्त जारी नहीं होगी। किश्त जारी कराने के नाम पर भोले भाले ग्रामीणों से 20-30 हजार रुपए वसूल कर लेते थे। ठगी के दौरान विश्वास दिलाने के लिए तीनों शातिर ग्रामीणों को हांथ में नगदी रकम के साथ अपने पास रखे टैबलेट में उनकी फोटो भी लिया करते थे।

## खास खबर

### एचटीपीपी के आवास में चोरी करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

**कोरबा।** विद्युत कंपनी के एचटीपीपी स्थित विभागीय आवास का ताला तोड़ कर अज्ञात चोर सोने-चांदी के जेवरात, अन्य घरेलू सामान कीमत छह लाख रुपये की चोरी कर ली थी। मामले में पुलिस ने विवेचना उपरांत तीन आरोपी को गिरफ्तार कर सामान बरामद किया।

हसदेव ताप विद्युत संयंत्र कोरबा पश्चिम (एचटीपीपी) के विभागीय आवास क्रमांक डी-243 में प्रदीप लाठिया 33 वर्ष परिवार समेत निवासरत हैं। 11 फरवरी को लाठिया पूरे समेत किसी कार्यवश रायपुर गए थे। इस बीच 15 फरवरी को पड़ोसियों ने सूचना की दी कि उनके घर का मुख्य दरवाजा का ताला टूटा हुआ है। इस पर प्रदीप लाठिया वापस लौट कर घर पहुंचे, तब उन्होंने देखा कि घर के अंदर के दरवाजे को उखाड़ दिया गया है। घर के अलमारी में रखे सोने चांदी का आभूषण पांच जोड़ी चांदी पायल, 10 चांदी का सिक्का, दो सोने की अंगूठी, छह सोने की फुल्ली, छह जोड़ी सोने का टाप्स, छह सोने का गेंहू दाना, एक सोने का सिक्का व अन्य आभूषण, घरेलू समान एवं कुछ नकद को अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले गए।

घटना की सूचना दर्री पुलिस थाना में देते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई गई। पुलिस ने धारा धारा 457, 380, 34 के तहत मामला कायम कर विवेचना में लिया। इसके साथ आरोपियों की पतासाजी शुरू की गई। मुखबिरों को भी सतर्क किया गया। मुखबिर से सूचना मिली को अयोध्यापुरी निवासी तीन युवक सोने चांदी के आभूषण रखे हैं और बेचने के लिए ग्राहक तलाश कर रहे हैं। इस पर पुलिस ने टीम बना कर दबिश दी और सुनील तिर्की 35 साल निवासी अयोध्यापुरी उरावं मोहल्ला, आशीष दास 21 साल निवासी जैलगांव बुढादेव चौक अयोध्यापुरी तथा विनय मुण्डा 18 साल निवासी अयोध्यापुरी गोंड़ मोहल्ला थाना दर्री को घेराबंदी कर पकड़ा। हिरासत में लेने के बाद तीनों से पूछताछ की गई, तो वे पहले टालमटोल करते रहे, पर बाद में प्रदीप लाठिया के घर में रात में घुस कर चोरी करना स्वीकार कर लिए। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से छह लाख रूपये कीमत के सवा किलो चांदी के आभूषण, दो तोला सोने के आभूषण, एक वेल्डिंग मशीन, एक डीएसएलआर कैमरा, एक वेट मशीन, एक म्यूजिक सिस्टम, एक हेयर ड्रायर, एक आयरन प्रेस, एक बीपी- बुखार चेक मशीन, एक प्लायर, दो हाथ घड़ी, तीन जोड़ी जूते-चप्पल एवं साबून सोडा को जब्त किया।

### कुसमुंडा में चालू कन्वेयर बेल्ट में फंसने से ठेका मजदूर की मौत

**कोरबा।** एसईसीएल की कुसमुंडा खदान में नियोजित सामंता कंपनी में कार्यरत एक मजदूर चालू कन्वेयर बेल्ट की चपेट में आ गया। घटना में गंभीर रूप से घायल मजदूर की मौत हो गई। सूचना मिलने पर सहकर्मियों ने काम बंद कर विरोध प्रदर्शन किया। तदुपरांत प्रबंधन ने तात्कालिक सहायता के तौर पर 11 लाख प्रदान किए, शेष राशि नियमानुसार भुगतान करने का आश्वासन दिया, इसके बाद मजदूरों ने आंदोलन खत्म किया। पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई के बाद शव का पोस्टमार्टम करा स्वजनों को सौंप दिया। साऊथ ईस्टर्न कोलफिल्डस लिमिटेड की कुसमुंडा खदान में यह घटना शनिवार की देर रात हुई। बताया जा रहा है कि खदान में सामंता कंपनी को कन्वेयर बेल्ट की देखरेख व संचालन का काम मिला हुआ है। इस कंपनी द्वारा ही कन्वेयर बेल्ट सिस्टम लगाया गया है, ताकि खदान से सीधे कोयला साइलो बंकर तक पहुंच सके। कंपनी द्वारा कन्वेयर बेल्ट सेक्शन में ठेका मजदूरों के माध्यम से देख रेख का कार्य लिया जाता है। कन्वेयर बेल्ट में कोयला भेजने के दौरान कोई बड़ा पत्थर अथवा अन्य समान आने की स्थिति में ठेका मजदूरों द्वारा उसे हटवाया जाता है,इसके अलावा कन्वेयर बेल्ट के किनारे गिरे कोयले को बेलचे द्वारा कन्वेयर बेल्ट में भरने का काम लिया जाता है।

# महिला पैडलर चला रही थी नशे का कारोबार, नाबालिगों को दिया नशे का इंजेक्शन, दो पैडलर व सप्लायर गिरफ्तार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**गौरेला।** छत्तीसगढ़ में पुलिस द्वारा नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में गौरेला पुलिस द्वारा नशीली दवाओं का अवैध कारोबार करने वाले दो पैडलर व एक सप्लायर को गिरफ्तार किया है। दरअसल इन ड्रग पैडलर तक पुलिस नाबालिग बच्चों के बयान के आधार पहुंची। पुलिस ने इस मामले में पैडलर बबली साहू (34) निवासी सारबहरा गौरेला व नसरीन (30) निवासी भरियान खोर पुराना गौरेला तथा सप्लायर प्रिंस रजक (22) निवासी वार्ड नंबर 7 खैरमाई चौक गौरेला को गिरफ्तार किया। इनके पास से 43 नग buprenarphine ip व 141 नग avil ip, 10 मोबाइल तथा बिक्री रकम



9000 रुपए जब्त कर 21, 22 सी एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

इस मामले का खुलासा करते हुए गौरला-पेण्ड्रा-मरवाही जिले की एसपी भावना गुप्ता ने बताया कि थाना प्रभारी गौरेला को सूचना प्राप्त हुई कि दो बालक बाबा तालाब के पास नशे की हालत में बैठे हुए हैं। थाना प्रभारी ने टीम भेज कर उन बालकों से जानकारी प्राप्त की जो चौंकाने वाला था। दोनों बालकों ने नशीली दवा का नशा किया हुआ था। दोनों ने बताया कि सारबहरा के बबली साहू व पुराना गौरेला के नसरीन अली के पास से खरीद कर इंजेक्शन लगवाए। दोनों ने बताया कि गौरेला का प्रिंस रजक इनको इंजेक्शन लाकर देता है।

जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने घेराबंदी शुरू की। थाना गौरेला एवं सायबर सेल की टीम के द्वारा तीनों आरोपियों के बारे में जानकारी ली गई। दो आरोपी अपने घर में तथा एक आरोपी पेंड्रा में होने की जानकारी मिलने पर दूसरी टीम थाना पेंड्रा एवम साइबर सेल की तैयार कर एक साथ तीनों को हिरासत में लिया गया। जिनसे प्रतिबंधित एम्पूल, बिक्रीरकम, मोबाइल आदि जप्त किया गया है। नारकोटिक एक्ट के प्रावधानों का पालन करते हुए कार्यवाही किया जाकर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

# नशीली दवाओं की तस्करी करने वाला गिरफ्तार

**गरियाबंद।** पहली बार नशे की टेबलेट बेचते एक आरोपी को पकड़ने में कोतवाली पुलिस को सफलता मिली है। पुलिस ने शनिवार को पारागाव रोड में टेबलेट के लिए ग्राहक देख रहे आरोपी सद्दाम खान उम्र 35 साल को 300 नग एनाजोलम और एप्राजोलम नामक टेबलेट के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी कृष्णा जांगड़े ने कार्रवाई की पुष्टि करते हुए बताया कि डाक बंगला पारा निवासी आरोपी आदतन बदमाश है। मुखबिर की सूचना मिलते ही उच्च अधिकारियों के निर्देश में स्पेशल टीम और आबकारी विभाग के साथ मिलकर कार्रवाई की गई है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस की धारा 22(ख) के तहत कार्रवाई की गई है। नशीली दवाओं का कारोबार पहले राजिम तक सिमीत था। अब जिला मूख्यालय के



अलावा छुरा और मैनपुर में भी पांव पसार गया है। नशीली दवा की एक टेबलेट 20 से 24 घंटे तक अपना असर दिखता है। इसकी एक पत्ते की एमआरपी 34 से 40 रुपये तक है, जिसे ब्लैक में 100 रुपये में खरीदी कर अधिकतम 300 रुपये प्रति पत्ते तक आसानी से बेचा जाता है। नशे के अन्य समाग्री से इसकी कीमत काफी सस्ता है, साथ ही इसके सेवन से बदबू नहीं आती, ऐसे में इसे समान्य नशेड़ी के अलावा स्कूली कॉलेज छात्र भी इस्तेमाल करना शुरू कर दिए हैं।

# पति-पत्नी के विवाद में पिता ने लिया बहू का पक्ष गुस्साए बेटे ने कुल्हाड़ी से वार कर ले ली जान

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोंडागांव।** छत्तीसगढ़ के कोंडागांव जिले में एक युवक ने अपने पिता की कुल्हाड़ी से वार कर हत्या कर दी। युवक अपनी पत्नी से विवाद कर रहा था। इस दौरान उसका पिता बीच में आया और बहू का पक्ष लेते हुए बेटे को डांटने लगा। फिर क्या था इससे युवक को इतना गुस्सा आया कि उसने पास में रखी टंगिया उठाई और अपने पिता की हत्या कर दी। इस मामले में पुलिस ने आरोपी बेटे को गिरफ्तार कर लिया है। मामला केशकाल थाना क्षेत्र का है।

मिली जानकारी के अनुसार ग्राम रावबेड़ा निवासी बज्जू परचाती का बेटा मानकू 16 फरवरी की रात को अपनी पत्नी असमोतिन बाई से विवाद कर रहा



था। विवाद के बीच उसके पिता बज्जू भी पहुंच गए। वह बहू की तरफदारी करते हुए अपने समझाते हुए उसकी गलतियां गिनाने लगे। उसे यह बात बुरी लगी और गुस्से में कुल्हाड़ी से पिता पर हमला कर दिया। मानकू ने अपने पिता सिर पर कुल्हाड़ी से कई वार किए और भाग निकला।

इसके बाद गंभीर हालत में बज्जू को कांकेर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। बज्जू परचाती की मौत होने पर अस्पताल प्रबंधन की ओर से इसकी सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस गांव पहुंची तो आरोपी भाग चुका था। इसके बाद पुलिस लगातार मानकू की तलाश करती रही। इस बीच रविवार को वह गांव छोड़कर भागने की फिराक में था। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने मानकू को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने मानकू की निशानदेही पर हत्या में इस्तेमाल कुल्हाड़ी बरामद कर ली है। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। इस पूरी कार्रवाई में थाना प्रभारी सौरभ उपाध्याय, उपनिरीक्षक शोभित राम साहू, सउनि कवल शोरी, सउनि हेमन्त देवांगन और थाना स्टाफकी अहम भूमिका रही।

# महासमुंद पुलिस के हत्थे चढ़े तीन तस्कर 1 करोड़ से ज्यादा की गांजा जब्त



श्रीकंचनपथ न्यूज


**महासमुंद।** जिले में पुलिस ने गांजे की तस्करी से जुड़े दो अलग-अलग मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों से पास से दो क्विंटल 15 किलो गांजा जब्त किया है। जिसकी कीमत 1.07 करोड़ बताई जा रही है। गांजे के साथ-साथ दो लग्जरी कारें, तीन मोबाइल भी जब्त किए गए हैं।

मिली जानकारी के अनुसार, दो अलग-अलग प्रकरणों में आरोपियों की गिरफ्तारी हुई है। पहले मामले में कोतवाली पुलिस ने 165 किलो के साथ 2 आरोपियों को किया गिरफ्तार है, जिनकी पहचान तुषार हरीश पंचारिया और पवन बाबूलाल पांडेय निवासी अमरावती महाराष्ट्र के रूप में हुई है। दूसरे मामले में सिंघोड़ा पुलिस ने रेहटीखोल के पास 50 किलो गांजे के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान वीरेंद्र सिंह, निवासी रोहतक हरियाणा के रूप में हुई है। तीनों आरोपियों के खिलाफ नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

# लग्जरी कार में मिला 50 लाख का सोना, 19 लाख नगदी भी बरामद, पुलिस ने किया जब्त

**महासमुंद।** जिले की पुलिस ने रविवार को लग्जरी कार से लाखों का सोना व नगदी बरामद किया है। सोना व नगदी के संबंध में कार चालक द्वारा कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया। इसके बाद पुलिस ने पूरा सोना व नगदी जब्त कर लिया। यह कार्रवाई जिले के सिंघोडा थाना पुलिस ने की।

मिली जानकारी के अनुसार सिंघोडा थाना क्षेत्र के अंतर्गत छत्तीसगढ़-ओड़िशा बॉर्डर अन्तर्राजीय चेक पोस्ट रेहटीखोल के पास पुलिस पार्टी द्वारा संदिग्ध वाहनो की चेकिंग की जा रही थी। इस दौरान बरगढ़ ओडिसा की तरफ से एक सफेद रंग की स्कार्पियो क्रमांक सीजी 04 एच टी 4457 आई जिसे रोका गया। कार में दो लोग सवार थे। पुलिस को उनकी गतिविधि संदिग्ध लगी तो कार की जांच की गई।



तलाशी लेने पर वाहन में एक प्लास्टिक थैला के अंदर 04 नग कच्चे सोना का टुकडा मिला। दोनों संदेहियो की निशानदेही पर दो और व्यक्तियों को घेराबंदी कर पकड़ा गया। इनके पास थैले में नगदी रकम एवं सोने के आभूषण मिले। संदेहियो के कब्जे मे रखे थैला का तलाशी लिया गया जिसके अंदर विभिन्न प्रकार के सोने के आभूषण एवं नगदी रकम 19,50,000 रुपए का मिला। संदेहियो को सोने एवं नगदी रकम रखने के संबंध में धारा 91 जा.फौ का नोटिस देकर कागजात पेश करने कहा गया है। जिनके पास कोई कागजात न होने पर धारा 102 के तहत जब्ती कार्रवाई की गई। पुलिस ने इनके पास से स्कार्पियो क्रमांक सीजी 04 एच टी 4457 व एक ग्लैमर मोटर सायकल क्रमांक ओडी 17 जेड 4478, पांच नग मोबाइल सहित कुल जुमला कीमती 79 लाख 78 हजार 440 रुपए जब्त किया गया।

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

दुल्हन बैंगल्स & फैंसी
RAKESH SINGH
Mob.-9840760388
7987759030
Specialist : Wedding mix match bangles, Glass bangle, Plastic bangle. Saree pin, Bindi, Rubber Band. Bracelet, Butter Fly, Ear ring and many more
पुष्पांजलि स्वीट्स के बाजू में, कृष्णा टाकिज रोड, रिसाली, भिलाई

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध
Rakesh Sahu
9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता: 93003-77572

## खास - खबर

### तेलीगुंडरा में विद्यार्थियों ने समझी योग और आसन की प्रक्रिया

**दुर्ग।** चतुर्थ चरण के पांच दिवसीय निशुल्क योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन ग्राम तेलीगुंडरा के मिडिल स्कूल प्रांगण में किया गया। इस दौरान रविवार को स्कूली बच्चों और ग्रामीणों ने योग शिविर का लाभ उठाया। योग प्रशिक्षक महेंद्र साहू ने प्रशिक्षित बच्चों को शिविर मंच में योगा डांस और योगा पिरामिड की जानकारी दी।

जनपद सदस्य दिनेश साहू और सरपंच मनीष पटेल ने की शिविर मंच के माध्यम से योगा से संबंधित प्रश्नोत्तरी रखा गया। इसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कार भी दिया गया। शिविर में आए सभी लोगों को पोष्टिक आहार अंकुरित चना मूंग और गुड़ आयुर्वेदिक काढ़ा का वितरण किया गया। शिविर में कुल 194 लाभार्थियों ने लाभ लिया। योग प्रशिक्षण के प्रथम चरण का शिविर ग्राम अटारी पाटन में 31 जनवरी से 3 फरवरी तक किया गया, जिसमें कुल 374 लाभार्थी ने योग सीखा, द्वितीय चरण का शिविर ग्राम असोगा में 4 फरवरी तक किया गया। इसमें कुल 357 लाभार्थी ने योग सिखा। तृतीय चरण का योग शिविर ग्राम खर्रा में 9 से 13 फरवरी तक रखा गया, जिसमें कुल 400 लाभार्थियों ने योग सीखा। इस अवसर पर राम अवतार चंद्राकर, डॉ. डीएल चतुर्वेदी, परमानंद मौजूद थे।

### उद्योग, व्यापार में महिलाओं के लिए कई अवसरः गार्गी शंकर

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ चेंबर आफकॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज भिलाई महिला इकाई के प्रयास से दुर्गा मंदिर, शांति नगर, दशहरा मैदान के सामने व्यवसायिक प्रतिष्ठान का शुभारंभ किया गया। इसका उद्घाटन चेंबर के प्रदेश महामंत्री अजय भसीन, भिलाई अध्यक्ष गार्गी शंकर मिश्रा, संतोष गेहानी, महिला अध्यक्ष सरोजिनी पाणिग्रही, सुमन कनोजे व ने किया।

इस मौके पर चेंबर के प्रदेश महामंत्री अजय भसीन ने कहा कि चेंबर का सहयोग सभी महिला व्यापारी और उद्यमियों के साथ हमेशा रहेगा। गार्गी शंकर ने कहा कि उद्योग और व्यापार के क्षेत्र में बहुत सारे अवसर हैं इसके लिए सभी महिलाओं को थोड़ा जागरूक होने की जरूरत है। जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र दुर्ग से आए अधिकारी एसए खान ने केंद्र सरकार की ओर से महिलाओं के लिए लागू हुई कई योजनाओं के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर राकेश मल्होत्रा चित्रा राव, पुष्पलता कर, राजकुमारी, उर्वशी दास, रणजीत कौर आदि उपस्थित थे।

### गौरी शंकर अग्रवाल बने अग्रवाल समाज के अध्यक्ष

**दुर्ग।** अग्रवाल समाज दुर्ग की नई कार्यकारिणी घोषित की गई है। अध्यक्ष सर्वसम्मति से गौरीशंकर अग्रवाल को बनाया गया है। महासचिव ललित सक्सेरिया, कोषाध्यक्ष पंकज कीर्तुका, सचिव दीपक बंसल बनाए गए। आगामी दिनों में कार्यकारिणी का विस्तार किया जाएगा। नियुक्ति को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कमल नारायण रुंगटा ने की। मुख्य रूप से संरक्षक विजय अग्रवाल, सुधीर अग्रवाल, महेंद्र सक्सेरिया, राधेश्याम अग्रवाल, संजय रुंगटा, कैलाश रुंगटा, जयदेव सिंघल, सत्य प्रकाश बंसल, घनश्याम अग्रवाल, विमल सक्सेरिया, केके अग्रवाल सहित अन्य मौजूद थे।

# बाबा की बारात : पूरे शहर के लोग बनेंगे बाराती महिलाओं संग दया सिंह ने किया कार्ड वितरण

## जवाहर मार्केट, लिंक रोड, फल मंडी आदि के व्यापारियों को मिला बारात का नितमंत्रण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। बोलबम सेवा एवं कल्याण समिति द्वारा इस बार बाबा की बारात को पिछले 15 वर्षों से और भी ज्यादा भव्य रूप देने का प्रयास किया जा रहा है। समिति द्वारा इसी तैयारियां जोर-शोर से की रही हैं। आयोजन में चार चांद लगाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी जा रही है। बारात के लिए 31000 आमंत्रण कार्ड छपवाए गए हैं जो शहर भर में बांटें जाएंगे। इसकी शुरुआत भी हो चुकी है। रविवार को बोल बम सेवा एवं कल्याण समिति के अध्यक्ष व नगर निगम भिलाई के उप नेता प्रतिपक्ष दया सिंह के साथ महिलाओं ने कार्ड वितरण किया।**



इस दौरान जवाहर मार्केट, फल मंडी, लिंक रोड, कैंप-1, कैंप-2, नंदिनी रोड, पावर हाउस और चंद्रा-मौर्या चौक में कार्ड वितरण किया गया। दया सिंह ने बताया कि जब व्यापारियों के पास कार्ड लेकर गए तो उनके अंदर अलग ही उत्साह देखने को मिला। सभी इस दिन का इंतजार कर रहे थे कि कब कार्ड मिले और कब बाराती बने। दया सिंह ने बताया कि 8 मार्च को प्रदेश का सबसे भव्य भोले बाबा की बारात निकलेगी। देशभर से अलग-अलग मनमोहक झांकी आएंगी। वहीं भोले बाबा का श्रृंगार होगा। दया सिंह ने कहा कि, महाशिवरात्री के लिए तैयारी जोरशोर से चल रही है।

कार्ड वितरण के दौरान कार्ड वितरक महिला समीति में मंजू मिश्रा, प्रभा कुशवाहा, मधु कुमारी, पुष्पा सिंह, हेमलता बिसाई, लक्ष्मी चौहान, पुष्पा राव, राज कली देवी, बेबी शर्मा, बिलोतिन जायशवाल, शुशीला देवी, राधा देवी, नीतू गुप्ता, तारिणी शर्मा, रजविन्दर कौर, अनीमा शाहा, माया दास, प्रीती शर्मा, बबली समा, दिशा, अंजली पटेल, लक्ष्मीदेवी, सेवती, गुहियादेवी, सुभद्रा, सरस्वती, सुल्लावती, श्रीमति, सोहिला, देविका बाई, दुलेश्वरी वाई, सती बाई, कमला, तारा, विभा देवी, पूजा, रिंकी पटेल, गुरुमती, अन्नू बघेल, शकुन्तला शर्मा, रानी, मीरा जायसवाल, पी लता, पी नंदिनी, प्रेमा तिवारी, मुन्नी देवी, ज्योति चौधरी, राधा चौधरी, संगीता तिवारी समेत अन्य मौजूद रहें।

### मध्यभारत का ऐतिहासिक कार्यक्रम भिलाई में

दया सिंह ने कहा कि मध्यभारत का ऐतिहासिक कार्यक्रम भिलाई में ही होता है। महिलाओं ने कार्ड वितरण से पहले हल्दी-चावल लगाना शुरू किया। 8 मार्च को भोले बाबा की बारात निकलेगी। हथखोज इंदिरा नगर से बाबा की बारात निकाली जाएगी। भोले बाबा की बारात व्यवस्थित व भव्य रूप से निकालने के लिए अलग-अलग समितियों का गठन किया है। महिलाएं पीला चावल और हल्दी-कुमकुम कार्ड में लगा रही हैं। महिलाओं में गजब का उत्साह देखने को मिल रहा है।

# प्रभा हुसैन नेशनल मास्टर्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप के रनिंग में बनी चैंपियन

श्रीकंचनपथ न्यूज



**भिलाई।** 5वें नेशनल मास्टर्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2024 गोचीबौली स्टेडियम हैदराबाद (तेलंगाना) 8 से 11 फरवरी 2024 में आयोजित प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ दुर्ग भिलाई की मास्टर्स महिला एथलीट प्रभा हुसैन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए संपूर्ण भारत में 55+ आयु वर्ग में 5 किमी रनिंग में प्रथम स्थान प्राप्त किया और 1500मीटर रनिंग में संपूर्ण भारत में दूसरा स्थान हासिल करते हुए छत्तीसगढ़ का मान बढ़ाया ।

प्रभा हुसैन ने बताया नेशनल मास्टर्स एथलेटिक्स चैंपियन बनने का सारा श्रेय अपने पति अख्तर हुसैन ,बेटी आफरीन अंजुम हुसैन और बेटा अफरोज इफ्तेखार हुसैन को दिया। बेटा अफरोज दिल्ली से हैदराबाद अपनी मां को सपोर्ट ,प्रेरित करने के लिए आए। प्रभा हुसैन ने कहा परिवार के पूरे सहयोग से ही आज मैं अपने इस मुकाम तक पहुंच पाई हू। भिलाई विधानसभा के विधायक आदरनीय श्री देवेन्द्र यादव जी, छत्तीसगढ़ मास्टर्स एथलेटिक्स एसोसियेशन के अध्यक्ष नबी मोहम्मद ,और सभी युवा और मास्टर्स खिलाड़ी दोस्तो ने प्रभा हुसैन को बधाई और शुभकामनाएं दी।

# गुप्त नवरात्र की नवमी पर श्री सत्ती चौरा मां दुर्गा मंदिर में पूजा अनुष्ठान के साथ हुआ कन्या पूजन व कन्या भोज का कार्यक्रम

■ **श्री सत्तीचौरा मां दुर्गा मंदिर गंजपारा में एक वर्ष में चार बार होता है नवरात्रि उत्सव**

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** श्री सत्तीचौरा मां दुर्गा मंदिर, गंजपारा, दुर्ग में माघ माह की गुप्त नवरात्र के अवसर पर पूरे 9 दिन मन्दिर परिसर में विशेष आयोजन किया गया। रविवार को नवमी के अवसर पर पूजा अर्चना के साथ कन्या पूजन एवं कन्या भोज के आयोजन किया गया। मन्दिर के मुख्य पुजारी पंडित सुनील पांडेय ने बताया कि हिंदू धर्म में मां दुर्गा का बहुत महत्वपूर्ण स्थान है और नवरात्रि मां दुर्गा को समर्पित पर्व है जो भारत में धूमधाम के साथ मनाया जाता है।

उन्होंने बताया कि एक साल में 4 बार नवरात्रि का पर्व आता है जिनमे 2 प्रकट नवरात्रि और 2 गुप्त नवरात्रि होती हैं. चैत्र और शारदीय नवरात्रि को सभी जानते हैं ये काफी लोकप्रिय पर्व है जब मां दुर्गा की 9 दिन धूमधाम के साथ पूजा की जाती है। माघ और आषाढ़ माह में पड़ने वाली नवरात्रि को गुप्त नवरात्रि कहा जाता है. गुप्त नवरात्रि पर मां दुर्गा की गुप्त रूप से पूजा करने की परंपरा है। सत्तीचौरा दुर्गा मंदिर में प्रतिवर्ष सभी 4 नवरात्र बड़े धूम-धाम से बनाये जाते है, माघ माह की गुप्त नवरात्र के अवसर पर दिनाँक 9 फरवरी से 18 फरवरी तक मंदिर में प्रतिदिन माता जी का श्रृंगार, अभिषेक, पूजन एवं महाआरती की गयी।



गुप्त नवरात्र अष्टमी के अवसर पर 17 फरवरी को रात्रि 8 बजे हवन पूजन, पूर्णाहुति, आरती की गयी, अष्टमी के अवसर पर भैरव अष्टमी भी बनाई गई जिसमें मंदिर परिसर में श्री भैरव बाबा की पूजा अर्चना, एवं भोग प्रसादी की गई। रविवार को नवमी के अवसर पर प्रातः 9 बजे माँ दुर्गा जी के पूजन, अभिषेक किया गया ततपश्चात 11 बजे कन्या पूजन एवं कन्या भोज का आयोजन किया गया।

कन्या पूजन एवं कन्या भोज के लिए पंडित सुनील पांडेय जी ने बताया कि शास्त्रों में दो साल की कन्या कुमारी, तीन साल की त्रिमूर्ति, चार साल की कल्याणी, पांच साल की रोहिणी, छः साल की कालिका, सात साल की चंडिका, आठ साल की शांभवी, नौ साल की दुर्गा और दस साल की कन्या सुभद्रा मानी जाती हैं, सभी 4 नवरात्र में सभी धर्म प्रेमियों को अपने अपने अपने घरों में कन्या पूजन एवं कन्या भोज करवाने से निश्चित रूप से माता जी का आर्शीवाद मिलता है।

नवमी के अवसर पर दुर्गा मंदिर में 11 बजे 108 कन्या माताओं का पूजन किया गया जिसमें समित्ति की महिलाओं ने सभी कन्या माताओं का पैर धोकर, तिलक लगाकर भोजन हेतु मन्दिर परिसर में बैठाया गया। इसके बाद एक साथ 108 कन्या माताओं एवं 1 भैरव 1 लंगूर बाबा रूपी बालक को भोजन कराया गया। कन्या भोज के पश्चात सभी कन्या माताओं को भेंट स्वरूप टिफिन डब्बा, चॉकलेट, बिस्किट, मिष्ठान, नगद राशि भेंट दी गयी, सभी कन्या माताओं के पैर छूकर बिदा किया गया।

ज्ञात हो कि श्री सत्तीचौरा मां दुर्गा मंदिर में प्रतिवर्ष 4 नवरात्र में कन्या भोज कराया जाता है जिसमें पूरे प्रदेश का सबसे बड़ा कन्या भोज का आयोजन भी सत्तीचौरा में आयोजित किया जाता है। इस आयोजन में योगेन्द्र शर्मा बंटी, मनोज लोहानी, भारती लोहानी, इंद्राणी साहू (पार्षद) कुलेश्वर साहू (पूर्व पार्षद), राहुल शर्मा, प्रकाश टावरी, सोनल सेन, महेश गुप्ता, सुजल शर्मा, प्रशांत कश्यप, शिल्पी शर्मा, लक्ष्मी यादव, प्रकाश कश्यप प्रकाश सिन्हा अन्य सदस्य एवं धर्मप्रेमी उपस्थित थे।

# ब्रजमंडल के स्थापना दिवस पर राधाकृष्ण का अभिषेक किया



श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** ब्रजमंडल भिलाई ने अपना 59 वां स्थापना दिवस बसंत पंचमी पर मनाया। इस अवसर पर सुबह भगवान श्रीराधाकृष्ण के विग्रहों का श्रृंगार किया गया। आमंत्रित अतिथि यजमान डॉ. मनोज अग्रवाल एवं परिवार ने महाभिषेक किया। शाम को विश्व कल्याणार्थ महामृत्युंजय मंत्र द्वारा हवन किया गया। शाम को राधाकृष्ण मंदिर में महाआरती की गई।

गीता भवन सभागार में मुख्य अतिथि समाजसेवी गिरीश बंसल, मनोज अग्रवाल रहे। इस अवसर पर नृत्य निर्देशिका राखी राय द्वारा प्रशिक्षित बालिकाओं ने सरस्वती वंदना पर नृत्य प्रस्तुत किया। पं. सरजू प्रसाद द्विवेदी ने बच्चों का विद्यारंभ संस्कार करवाया। अतवीर सिंह राघव, शील कुमार राघव, राजेश शर्मा और अनुराग शर्मा ने अपने माता-पिता के चरण पखारकर उनकी पूजा की। अनुराधा मंगल, साधना गोयल, डॉ. रुचिर भटनागर, गिरीश गुप्ता ने भजन व गीत गाए। इस अवसर पर अध्यक्ष राकेश यदुवंशी, कार्यकारी अध्यक्ष भुवनेश दीक्षित, जगदीश प्रसाद शर्मा, राजपाल सिंह राघव, विजय भार्गव, अनिल मित्तल, राधेश्याम शर्मा, राकेश शर्मा, अतवीर सिंह राघव, गिरीश गुप्ता, शील कुमार राघव मौजूद थे।

# लिनेस क्लब ने सरस्वती वंदना की प्रतियोगिता कराई, विजेता सम्मानित



**भिलाई।** लिनेश क्लब भिलाई द्वारा बसंत पंचमी पर्व पर मां सरस्वती की पूजा की गई। इस अवसर पर सरस्वती वंदना की प्रतियोगिता भी कराई गई, जिसमें सदस्यों ने उत्साह से हिस्सा लिया। कार्यक्रम में नीता गुप्ता, शालिनी मंत्री, सुरेखा जैन, शक्ति धरनी, माला पोप्ली, मनमोहन राणा, लता, नूतन, अंजना, तृप्ता कैंबो सहित अन्य उपस्थित थे।

# महतारी वंदन योजना के प्रमाण पत्र पर साइन के लिए 20 रुपए की रिश्वत

■ **मरोदा की महिला पार्षद को महापौर शशि सिन्हा ने एमआईसी से निकाला**

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** नगर पालिक निगम रिसाली में महतारी वंदन योजना के लिए विवाह प्रमाण पत्र पर साइन करने के लिए 20 रुपए की रिश्वत लेने वाली कांग्रेस पार्षद ईश्वरी साहू की एमआईसी सदस्यता रद्द कर दी गई है। रिसाली मेयर शशि सिन्हा ने पार्षद की महापौर परिषद की सदस्यता समाप्त करने का आदेश जारी किया है।

महिला बाल विकास विभाग और आजीविका मिशन प्रभारी ईश्वरी साहू का कुछ दिन पहले एक वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ था। जिसमें में वो मैरिज सर्टिफिकेट में साइन करने के लिए 20-20 रुपए लेते हुए दिख रही है। वीडियो में वो ये स्वीकार भी कर रही है कि पूरा दिन बैठकर काम करती हैं तो 20 रुपए लेना कोई गलत नहीं है। वीडियो वायरल होने के बाद भाजपा पार्षदों ने इस मुद्दे को आड़े हाथों लिया था। निगम के भाजपा पार्षद धर्मेंद्र भगत ने मामले की शिकायत दुर्ग संभागायुक्त कार्यालय में की। शिकायत में उन्होंने वार्ड-15 की कांग्रेस पार्षद और एमआईसी मेंबर ईश्वरी साहू के खिलाफ निगम अधिनियम 1956 की धारा 19 (अ) के तहत बर्खास्तगी की मांग की थी।



### महापौर शशि सिन्हा ने जारी किया आदेश

इस मामले के तूल पकड़ने के बाद कांग्रेस की जमकर किरकिरी हो रही थी। इसे देखते हुए महापौर ने अपने अधिकार का प्रयोग करते हुए रविवार देर शाम ईश्वरी साहू की एमआईसी सदस्यता समाप्त करने का आदेश जारी किया। ईश्वरी साहू वार्ड 15 मौहरी मरोदा से पार्षद चुनाव जीती थीं। महापौर शशि सिन्हा ने उन्हें शहर सरकार में शामिल कर महापौर परिषद में शामिल किया था। विपक्ष के पार्षदों ने लेन-देन की शिकायत को लेकर महापौर को ज्ञापन सौंपकर ईश्वरी साहू को हटाने की मांग की थी।

### पूरी तरह निशुल्क है योजना, समस्या आने पर आयुक्त से करें शिकायत

बता दें महतारी वंदन योजना छत्तीसगढ़ शासन की एक महत्वपूर्ण योजना है। ये पूरी तरह से निशुल्क है। इसका आवेदन हर महिला को करना है। आवेदन करने के लिए फॉर्म और प्रक्रिया पूरी तरह से निशुल्क है। किसी को एक रुपए भी नहीं देना है। छत्तीसगढ़ सरकार ने सभी निकायों में महिलाओं की सुविधा के लिए विशेष व्यवस्था की हुई है। फॉर्म से लेकर सभी सुविधाएं निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही हैं। यदि कोई पैसों की मांग करता है, तो उसकी शिकायत जोन आयुक्त या निगम आयुक्त के पास पहुंचकर जा सकती है। शिकायत सही पाए जाने पर ऐसे लोगों पर विभागीय कार्रवाई से लेकर एफआईआर तक का प्रावधान है।

# शिविर में सेहत जांच के साथ बच्चों को दिए प्राथमिक उपचार के टिप्स

## शिविर के दौरान ज्ञान ज्योति विद्यालय उरला दुर्ग में सेवाभावी चिकित्सकों व स्टाफ ने दिया महत्वपूर्ण योगदान

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** डॉ आंबेडकर स्वास्थ्य मिशन छत्तीसगढ़ के सौजन्य से निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर ज्ञान ज्योति विद्यालय उरला दुर्ग में रखा गया। इसमें 300 बच्चों के साथ पालको, शिक्षकों व अन्य आगंतुकों का भी स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

आयोजित स्वास्थ्य शिविर में स्वास्थ्य परीक्षण के अलावा बच्चों और अभिभावकों को और शिक्षकों को हैंड हाइजीन ओरल हाइजीन,प्राथमिक चिकित्सा चोट लगने पर तथा जलने पर क्या करना चाहिए और क्या नहीं करना चाहिए यह भी बताया गया। विशेष बात यह रही कि कार्डियो रेस्पिरेटरी रिससिटेशन (सीपीआर) का प्रदर्शन भी किया गया। जिसमें अचानक हृदय गति बंद हो जाने पर मरीज को श्वास देने और उसे उसके दिल की धड़कन को चालू करने का प्रयोगात्मक प्रदर्शन विशेषज्ञ चिकित्सकों ने किया।



बच्चों के विशेषज्ञ डॉक्टर रितेश वाल्मीकि ने संबोधित करते हुए कहा कि मैगी नूडल्स और अन्य पैकेट फूड खाने से बचें तथा अपने भोजन में दूध, अंडा, पनीर और साग-सब्जी का उपयोग करने पर जोर दिया। वरिष्ठ दंत रोग चिकित्सक डॉ. भूषण भोईर ने ब्रश करने की शैली बताई और दोनों समय दांतों की सफाई पर जोर दिया। डेंटिस्ट डॉ धर्मेंद्र ने लगातार चिंगम और चॉकलेट खाने की आदत से बचने की सलाह दी इससे दांत खराब होने के संभावना ज्यादा होती है।

### मोबाइल और टीवी के सीमित उपयोग पर जोर

नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अशोक कुमार ने मोबाइल और टीवी के सीमित उपयोग पर जोर दिया। वहीं डॉक्टर गिरीश उमरेडकर ने नाक कान और गले की जांच भी की और और इन अंगों की स्वच्छता की महत्व बताई। डॉ अरविंद चौधरी ने बच्चों की जांच के साथ-साथ त्वचा की देखभाल-स्वच्छता और रोगों के प्रति बचाव की प्रक्रिया बताई। डॉक्टर एन एल बंजारे शिशु रोग विशेषज्ञ ने अपने संबोधन में कहा बच्चों को अगर घर का खाना खिलाया जाए और और परिवार के लोग उनसे बात करते रहें तो बच्चों का मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य अच्छा रहता है। श्रीमती प्रेरणा धाबर्डे ने अपनी महिमा हॉस्पिटल की टीम के साथ सभी बच्चों, अभिभावकों और शिक्षकों की ऊंचाई और वजन का माप लिया और सभी का ब्लड ग्रुप भी जांचने में सहयोग किया। कार्यक्रम का संयोजन डॉक्टर उदय धाबर्डे ने किया। ज्ञान ज्योति विद्यालय के प्रिंसिपल और टीचर ने सभी चिकित्सकों को स्मृति चिन्ह देखकर सम्मानित किया और इस मानवीय सेवा का लिए आभार व्यक्त किया।

इस शिविर को सफल बनाने में मुख्य रूप से वरिष्ठ दंत मसूड़ा रोग चिकित्सक डॉ धर्मेंद्र कुमार, वरिष्ठ दंत रोग चिकित्सक डॉक्टर एन एल बंजारे, वरिष्ठ सलाहकार एवं अपना हॉस्पिटल उतई प्रमुख, डॉ रितेश वाल्मिक, शिशु रोग विशेषज्ञ तथा यशोदा नंदन हॉस्पिटल प्रमुख, डॉ अरविंद चौधरी, जनरल फिजिशियन, प्रेरणा धाबर्डे और टीम, महिमा हॉस्पिटल कांदबरी नगर दुर्ग, डॉ उदय कुमार विभागाध्यक्ष प्लास्टिक सर्जरी तथा बर्न विभाग सेक्टर 9 हॉस्पिटल, डॉ अशोक कुमार वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ सेक्टर 9 हॉस्पिटल और डॉ गिरीश उमरेडकर विभागाध्यक्ष नाक कान गला विभाग सेक्टर 9 हॉस्पिटल और मेडिकल स्टाफने प्रमुख भूमिका निभाई।

# शिक्षा, संस्कृति, साहित्य के नवाचार से समृद्ध होगी भावी पीढ़ीः अरुणा पल्टा

श्रीकंचनपथ न्यूज



**दुर्ग।** शैलदेवी महाविद्यालय अंडा में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसके उद्घाटन अवसर पर हेमचंद विवि दुर्ग के कुलपति अरूणा पल्टा ने कहा कि शिक्षा, संस्कृति में मेहनत, नवाचार को अपनाने से ही विद्यार्थी सफलता प्राप्त करता है। प्रथम तकनीकी सत्र की अध्यक्षता कर रहे प्रो. संदीप अवस्थी ने कहा कि संस्कृति से ही मनुष्य सभ्य और मानवीय गुणों से भरपूर बना। प्राचीन भारत से उद्धरण देते हुए उन्होंने बताया कि ध्वनि को सर्वप्रथम पहचानकर मानव ने उससे शब्द और फिर बहुत बाद में लिपि विकसित की।

इसी के साथ संस्कृति विकसित हुई जब उसने एक दूसरे के साथ बैठना, सुख दुख बांटना और संगीत, वाद्ययंत्र, नृत्य के माध्यम से अपने को दिन भर के कार्यों से तनाव मुक्त किया। आज भी उस समय के शैल चित्र कोल्कता और दिल्ली के संग्रहालयों में हैं। सत्र की दूसरी वक्ता कनाडा से आई एमरोडे लेपोंइटे ने बताया कि भारतीय संस्कृति पर शोध करते हुए उन्होंने पाया की यहां की स्त्रियां काफी रचनात्मक हैं और साथ ही रीति रिवाजों को मानती हैं। जब वह इन लोगों से मिलीं तो कइयों ने परदे की ओट से बात की। भारतीय संस्कृति में आकर उन्हें सभी जगह अपनापन और सत्कार मिला। द्वितीय सत्र में विभिन्न महाविद्यालयों से आए शोधार्थियों और प्राध्यापकों ने शोध पत्रों का वाचन किया। तीसरे सत्र में प्रसिद्ध साहित्यकार परदेसी राम वर्मा मौजूद थे।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950